# VISION IAS

www.visionias.in

## TEST BOOKLET

**C**

**CSAT APTITUDE TEST– (4022) – 2023**

**Time Allowed: Two Hours** **Maximum Marks: 200**

## INSTRUCTIONS

1. IMMEDIATELY AFTER THE COMMENCEMENT OF THE EXAMINATION, YOU SHOULD CHECK THAT THIS BOOKLET **DOES NOT** HAVE ANY UNPRINTED OR TORN OR MISSING PAGES OR ITEMS ETC. IF SO, GET IT REPLACED BY A COMPLETE TEST BOOKLET.

2. ENCODE CLEARLY THE TEST BOOKLET SERIES **A, B, C** OR **D** AS THE CASE MAY BE IN THE APPROPRIATE PLACE IN THE ANSWER SHEET.

3. You have to enter your Roll Number on the Test Booklet in the Box provided alongside. **DO NOT** write ***anything else*** on the Test Booklet.

4. This Test Booklet contains **80** items (Questions). Each item is printed in **English & Hindi.** Each item comprises four responses (answers). You will select the response which you want to mark on the Answer Sheet. In case you feel that there is more than one correct response, mark the response which you consider most appropriate. In any case, choose ***ONLY ONE*** response for each item.

5. You have to mark all your responses ***ONLY*** on the separate Answer Sheet provided. See direction in the answers sheet.

6. All items carry equal marks. Attempt all items. Your total marks will depend only on the number of **correct responses** marked by you in the answer sheet. For **every incorrect** response **one-third** of the allotted **Marks** will be deducted.

7. Before you proceed to mark in the Answer sheet the response to various items in the Test booklet, you have to fill in some particulars in the answer sheets as per the instruction sent to you with your Admission Certificate.

8. After you have completed filling in all responses on the answer sheet and the examination has concluded, you should hand over to Invigilator only the answer sheet. You are permitted to take away with you the Test Booklet.

9. Sheets for rough work are appended in the Test Booklet at the end.

**DO NOT OPEN THIS BOOKLET UNTIL YOU ARE ASKED TO DO SO**



VISION IAS
WWW.UPSCMATERIAL.ONLINE
WWW.PDFNOTES.CO

***निम्नलिखित 3 (तीन) प्रश्नांशों के लिए निर्देश:***

*निम्नलिखित **दो** परिच्छेदों को पढ़िए और प्रत्येक परिच्छेद के बाद आने वाले प्रश्नांशों के उत्तर दीजिए। इन प्रश्नांशों के लिए आपके उत्तर केवल परिच्छेदों पर ही आधारित होने चाहिए।*

**परिच्छेद – 1**

शिक्षा में सामाजिक असमानता सार्वभौमिक रूप से उन देशों में देखी जाती है जहां बच्चों का पालन-पोषण असमान परिवारों में होता है; वे असमान भाषाई, संज्ञानात्मक और सांस्कृतिक क्षमताओं के साथ स्कूल में प्रवेश करते हैं और उनके परिणामों का स्तर अलग-अलग होता है। इसके अलावा, वे असमान विकल्पों का चुनाव करते हैं जिसके कारण उनके शैक्षिक एवं सामाजिक पुनरुत्पादन का स्तर भी अलग-अलग होता है। हालांकि, सामाजिक पुनरुत्पादन विभिन्न देशों में भिन्न-भिन्न होता है जो यह दर्शाता है कि स्कूल स्वयं जिस तरह से संगठित हैं वह मायने रखता है। विभिन्न देश शैक्षिक असमानता को दूर करने के लिए नीतियां लागू करते हैं, लेकिन केवल शिक्षा का विस्तार करना पर्याप्त सिद्ध नहीं होता है क्योंकि यह केवल सामाजिक चयन में देरी करता है। ऐसे में अधिक गुणात्मक नीतियां आवश्यक प्रतीत होती हैं, जैसे प्रारंभिक असमानताओं को कम करना और वंचित परिवारों पर ध्यान केंद्रित करना। इसके लिए व्यापक सामाजिक नीतियां आवश्यक हैं।

**1.** उपर्युक्त परिच्छेद के आधार पर, निम्नलिखित *पूर्वधारणाएं* बनाई गई हैं:

1. शिक्षा प्रणाली का विस्तार अकेले ही भाषाई, संज्ञानात्मक और सांस्कृतिक असमानताओं को कम करने में मदद कर सकता है।
2. शिक्षा में सामाजिक असमानता को दूर करने के लिए सरकारों को पारिवारिक असमानताओं को समाप्त करने की दिशा में कार्य करना चाहिए।
3. छात्रों में शैक्षिक असमानता का उनके भविष्य की आर्थिक समृद्धि पर सीधा प्रभाव पड़ता है।

उपर्युक्त में से कौन-सी *पूर्वधारणा/पूर्वधारणाएं वैध* है/हैं?

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 2

(c) केवल 1 और 3

(d) 1, 2 और 3

**2.** उपर्युक्त परिच्छेद द्वारा संप्रेषित ***निर्णायक संदेश*** क्या है?

(a) शिक्षा में प्रत्येक प्रकार की सामाजिक असमानता को समाप्त करने की शक्ति है।

(b) मौजूदा सामाजिक असमानताओं को समाप्त करने के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा में निवेश को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

(c) स्कूली शिक्षा से संबंधित गुणवत्तापूर्ण नीतियां प्रारंभिक सामाजिक असमानताओं को दूर कर सकती हैं।

(d) सामाजिक पुनरुत्पादक में समानता सुनिश्चित करने और शैक्षिक असमानताओं को समाप्त करने के लिए सरकार को प्रारंभिक असमानताओं को दूर करने वाली नीतियां अपनाना चाहिए।

**परिच्छेद – 2**

फेसबुक, इंस्टाग्राम और ट्विटर जैसे सोशल नेटवर्क अब अधिकांश लोगों के दैनिक जीवन का हिस्सा बन गए हैं। सोशल नेटवर्क के उपयोगकर्ता अब इनका उपयोग केवल मित्रों के संपर्क में रहने के लिए नहीं करते हैं बल्कि सूचनाओं की खोज के लिए सोशल नेटवर्क को निरंतर सुविधाजनक भी बनाते हैं। उपयोगकर्ता सोशल नेटवर्क पर उपलब्ध सूचनाओं एवं लेखों के आधार पर अपनी राय भी बनाते हैं। सूचनाओं की खोज करते हुए और अपनी राय बनाने के लिए इसका उपयोग करते हुए उपयोगकर्ता ऑनलाइन सोशल नेटवर्क में सूचनाओं के केवल निष्क्रिय प्राप्तकर्ता नहीं होते हैं बल्कि सक्रिय रूप से अपनी राय भी दे रहे होते हैं।

**3.** उपर्युक्त परिच्छेद पर आधारित, निम्नलिखित *पूर्वधारणाएं* बनाई गई हैं:

1. सही राय बनाने के लिए सोशल नेटवर्क पर उपलब्ध सूचनाओं को सत्यापित अवश्य किया जाना चाहिए।
2. मिथ्या खबरों की घटनाओं के कारण सोशल मीडिया के माध्यम से निर्मित राय विश्वसनीय नहीं होती है।
3. सोशल नेटवर्क, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार का प्रयोग करने के लिए एक माध्यम के रूप में कार्य करते हैं।

उपर्युक्त में से कौन-सी *पूर्वधारणा/पूर्वधारणाएं वैध* है/हैं?

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 1 और 3

(c) केवल 3

(d) 1, 2 और 3


©Vision IAS
VISION IAS WWW.UPSCMATERIAL.ONLINE WWW.PDFNOTES.CO

*निम्नलिखित 3 (तीन) प्रश्नांशों के लिए निर्देश:*

*निम्नलिखित जानकारी को पढ़िए और उसके बाद आने वाले तीन प्रश्नांशों के उत्तर दीजिए।*

आठ पुस्तकें A, B, C, D, E, F, G और H एक के ऊपर एक रखी हैं, किंतु जरूरी नहीं है कि इसी क्रम में हों। वर्णानुक्रम में आसन्न अक्षरों वाली कोई भी दो पुस्तकें एक-दूसरे के निकट नहीं रखी गई हैं। उदाहरण के लिए, C को D के ठीक ऊपर या नीचे नहीं रखा गया है।

पुस्तक E को ऊपर या नीचे से दूसरे स्थान पर रखा गया है। पुस्तक F और पुस्तक C के बीच केवल 2 पुस्तकें हैं। पुस्तक B को पुस्तक C के ऊपर रखा गया है लेकिन शीर्ष पर नहीं, जबकि पुस्तक D को पुस्तक F के ठीक नीचे रखा गया है। पुस्तक C और पुस्तक G के बीच केवल एक पुस्तक रखी गई है।

4. पुस्तक A और पुस्तक C के मध्य कितनी पुस्तकें रखी गई हैं?
   (a) दो पुस्तकें
   (b) केवल एक पुस्तक
   (c) दो से अधिक पुस्तकें
   (d) कोई पुस्तक नहीं

5. कौन-सी पुस्तक नीचे से चौथे स्थान पर रखी है?
   (a) पुस्तक G
   (b) पुस्तक F
   (c) पुस्तक H
   (d) पुस्तक A

6. दी गई जानकारी के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा ***सही नहीं*** है?
   (a) पुस्तक G, पुस्तक E के ठीक नीचे रखी गई है।
   (b) पुस्तक F, पुस्तक D और पुस्तक B के बीच में रखी गई है।
   (c) पुस्तक H शीर्ष पर रखी गई है।
   (d) पुस्तक C, पुस्तक A और पुस्तक H के बीच में रखी गई है।

7. एक पासे को तीन अलग-अलग प्रेक्षण बिंदुओं से दर्शाया गया है।




ज्ञात कीजिए कि 'काले' रंग के फलक के विपरीत फलक पर कौन-सा रंग है।
   (a) लाल
   (b) सफेद
   (c) नारंगी
   (d) हरा

8. इस श्रेणी में गलत पद को ज्ञात कीजिए।
   32768, 4104, 1024, 517
   (a) 1024
   (b) 517
   (c) 4104
   (d) 32768

9. दी गई श्रेणी में लुप्त पद को ज्ञात कीजिए।
   208, 2052, 928, 3172, 2448, ?
   (a) 6048
   (b) 1872
   (c) 5092
   (d) 3872

10. यदि किसी कूट भाषा में 'CSAT' को '0324190801262007' लिखा जाता है तो उसी कूट भाषा में 'WRONG' को कैसे लिखा जाएगा?
   (a) 23041809151214130720
   (b) 23041807161214130720
   (c) 23041807161242723020
   (d) निर्धारित नहीं किया जा सकता


VISION IAS WWW.UPSCMATERIAL.ONLINE WWW.PDFNOTES.CO

*निम्नलिखित 3 (तीन) प्रश्नांशों के लिए निर्देश:*

*निम्नलिखित **दो** परिच्छेदों को पढ़िए और प्रत्येक परिच्छेद के बाद आने वाले प्रश्नांशों के उत्तर दीजिए। इन प्रश्नांशों के लिए आपके उत्तर केवल परिच्छेदों पर ही आधारित होने चाहिए।*

**परिच्छेद - 1**

सामान्य धारणा के विपरीत, अध्ययनों से ज्ञात हुआ है कि लोग अनुभव से हमेशा नहीं सीखते हैं, विशेषज्ञता लोगों को मिथ्या जानकारी को नष्ट करने में मदद नहीं करती है और खुद को अत्यधिक अनुभवी समझना हमें अपना होमवर्क करने, सबूतों की पुष्टि करने एवं अपनी धारणाओं पर सवाल उठाने से रोक सकता है। यह भी ज्ञात हुआ है कि जिस प्रकार अनुभव हमारे प्रदर्शन के बारे में आत्मविश्वास की झूठी भावना पैदा कर सकता है, उसी प्रकार यह हमें अपने आत्म-ज्ञान के स्तर के बारे में अति-आत्मविश्वासी भी बना सकता है। उदाहरण के लिए, एक अध्ययन में पाया गया कि कम अनुभवी प्रबंधकों की तुलना में अधिक अनुभवी प्रबंधक अपने नेतृत्व की प्रभावशीलता का आकलन करने में कम सटीक थे।

**11.** उपर्युक्त परिच्छेद के आधार पर, निम्नलिखित *पूर्वधारणाएं* बनाई गई हैं:

1. अकेले अनुभव आत्म-ज्ञान और प्रदर्शन को मापने के लिए बैरोमीटर नहीं हो सकता है।
2. प्रदर्शन में सुधार के लिए व्यक्ति को विशेषज्ञता प्राप्त करने पर ध्यान देना चाहिए और आत्म-ज्ञान को बढ़ाने के लिए कार्य करना चाहिए।

उपर्युक्त में से कौन-सी *पूर्वधारणा / पूर्वधारणाएं* वैध है/हैं?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

**परिच्छेद - 2**

डिजिटल संचार ने एक अभूतपूर्व सामाजिक वास्तविकता का निर्माण किया है जिसमें बच्चों से उनकी देखभाल करने वाले वयस्कों की जानकारी के बिना संपर्क किया जा सकता है। सड़क पर या पार्क जैसी जगहों पर बच्चों का खेलते हुए देखा जाना पहले से ही दुर्लभ हो गया था क्योंकि यौन अपराध अधिक सामान्य हो गए थे। जैसे-जैसे बच्चे सार्वजनिक दृष्टि से दूर होते गए, वे तथाकथित सोशल मीडिया के माध्यम से उत्पीड़न के अधीन होते गए। उनका हिंसक वीडियो, अश्लील साहित्य और आतंकित करने वाले संदेशों के संपर्क में आना सामान्य हो गया है। तकनीकी दिग्गज कंपनियां अपने कंटेंट मॉडरेशन कार्य के हिस्से के रूप में ऐसी लाखों सामग्रियों को हटा देती हैं। यह एक अजीब कार्यपद्धति है क्योंकि यही कंपनियां बच्चों को डिजिटल गतिविधियों में भाग लेने के लिए सक्रिय रूप से प्रोत्साहित करती हैं।

**12.** उपर्युक्त परिच्छेद के आधार पर, निम्नलिखित *पूर्वधारणाएं* बनाई गई हैं:

1. बच्चे सार्वजनिक स्थलों पर यौन अपराधों के प्रति अत्यधिक सुभेद्य होते हैं।
2. सार्वजनिक स्थलों पर यौन अपराधों में कमी आई है क्योंकि उनका स्थानांतरण ऑनलाइन हो रहा है।

उपर्युक्त में से कौन-सी *पूर्वधारणा/पूर्वधारणाएं वैध* है/हैं?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

**13.** उपर्युक्त परिच्छेद के आधार पर, निम्नलिखित *पूर्वधारणाएं* बनाई गई हैं:

1. बच्चों की ऑनलाइन यौन सामग्री तक आसान पहुंच है।
2. ऑनलाइन यौन अपराधों में वृद्धि के लिए तकनीकी दिग्गज कंपनियां जिम्मेदार हैं।

उपर्युक्त में से कौन-सी *पूर्वधारणा/पूर्वधारणाएं* वैध है/हैं?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2


©Vision IAS
VISION IAS
WWW.UPSCMATERIAL.ONLINE
WWW.PDFNOTES.CO

14. एक कूट भाषा में 'POWER' को 'WEMZX' के रूप में लिखा गया है तो उसी कूट भाषा में 'STABLE' को कैसे लिखा जाएगा?

(a) BMXZMC
(b) BIJTMA
(c) DKRTMA
(d) CKRSMA

15. एक घन के 6 विभिन्न फलकों पर 6 मित्रों के नाम लिखे हैं। यदि 'राम' और 'ओम' के बीच 'सीता' का नाम है, 'रोहित' का नाम 'अनिमेष' के विपरीत फलक पर है, तो 'कविता' के विपरीत फलक पर कौन-सा नाम होना चाहिए?

(a) ओम
(b) अनिमेष
(c) राम
(d) सीता

16. दिया गया प्रश्न आरेख एक ही घन को एक विशेष तरीके से घुमाने पर उसके तीन अलग-अलग दृश्य दर्शाता है।



ऐसे ही चार दृश्य विकल्पों में भी दिए गए हैं। हालांकि, दिए गए चार विकल्पों में से एक मूल घन की पुष्टि नहीं करता है। निम्नलिखित विकल्पों में से कौन-सा उत्तर के रूप में चिह्नित किया जा सकता है?

(a)



(b)



(c)



(d)



*निम्नलिखित 2 (दो) प्रश्नांशों के लिए निर्देश:*

*निम्नलिखित जानकारी को पढ़िए और उसके बाद आने वाले दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

एक विश्वविद्यालय विदाई समारोह में सभी विभागाध्यक्षों - श्री अनुराग, श्रीमती विमला, श्रीमती चांदनी रॉय, श्री दर्पण और श्री इस्माइल को एक वस्तु के रूप में तैयार होने के लिए कहा गया था। उदाहरण के लिए ये वस्तुएं टेस्ट ट्यूब, तार, ग्लोब, सिक्के और एबेकस थे, जो उनके विभागों रसायन विज्ञान, भौतिकी, भूगोल, अर्थशास्त्र और गणित का प्रतिनिधित्व कर रहीं थीं, यह आवश्यक नहीं कि ये वस्तुएं इसी क्रम में हों। ड्रेस विषय से सुमेलित हों।

श्री अनुराग अर्थशास्त्र के विभागाध्यक्ष हैं। न तो श्रीमती विमला और न ही श्रीमती चांदनी रॉय अबेकस के रूप में तैयार हुई थीं। कोई भी पुरुष भूगोल का विभागाध्यक्ष नहीं है। श्री दर्पण को टेस्ट ट्यूब के रूप में तैयार किया गया था। श्रीमती चांदनी रॉय भौतिकी की विभागाध्यक्षा हैं।

17. कौन-सा व्यक्ति ग्लोब के रूप में तैयार हुआ था?

(a) श्रीमती चांदनी
(b) श्रीमती विमला
(c) श्री दर्पण
(d) श्री इस्माइल

18. श्री इस्माइल का विभाग क्या था?

(a) गणित
(b) रसायन विज्ञान
(C) भौतिकी
(d) भूगोल

19. दी गई श्रृंखला में लुप्त पद ज्ञात कीजिए।

315, 535, 726, 890, ?, 1145

(a) 1225
(b) 1015
(c) 12242
(d) 1029

VISION IAS
WWW.UPSCMATERIAL.ONLINE
WWW.PDFNOTES.CO

**20.** दी गई श्रृंखला में गलत पद ज्ञात कीजिए।
MRIC, OLNR, QNOW, SLRT
(a) MRIC
(b) OLNR
(c) QNOW
(d) SLRT

***निम्नलिखित 3 (तीन) प्रश्नांशों के लिए निर्देश:***
*निम्नलिखित **दो** परिच्छेदों को पढ़िए और प्रत्येक परिच्छेद के बाद आने वाले प्रश्नांशों के उत्तर दीजिए। इन प्रश्नांशों के लिए आपके उत्तर केवल इन परिच्छेदों पर ही आधारित होने चाहिए।*

**परिच्छेद – 1**

लोकतंत्र के कमजोर होने के साथ, भ्रष्टाचार भी बढ़ रहा है, दोनों साथ-साथ चलन में हैं और दुर्बल संस्थानों द्वारा पोषित हो रहे हैं जो मौलिक रूप से सत्ता की व्यवस्था के असंगत है। प्रभावी संरक्षण के बिना चुनाव, प्रणालीगत भ्रष्टाचार के चक्र में एक केंद्रीय घटक हो सकते हैं। यह तेजी से सत्य सिद्ध हो रहा है क्योंकि यहाँ तक कि निरंकुश नेता भी अपने शासन हेतु किसी प्रकार की वैधता के लिए चुनावों का उपयोग करते हैं। चुनावों के दौरान, वोट-खरीदने, रिश्वतखोरी और राज्य के संसाधनों के दुरुपयोग का इस्तेमाल मतदाताओं को प्रभावित करने और उन्हें विवश करने के लिए किया जा सकता है। राजनीतिक भ्रष्टाचार की जड़ों से निपटने और निरंकुशता को कम करने के लिए, लोकतांत्रिक अभिकर्ताओं को प्रभाव प्रसार (Peddling) से लेकर राज्य पर अभिग्रहण करने तक अपारदर्शी एवं अवैध राजनीतिक वित्तपोषण और व्यय का सामना करना होगा। कुछ लोगों ने अवैध चुनावी वित्तपोषण को भ्रष्टाचार का "मूल अपराध" कहा है क्योंकि इससे सार्वजनिक और निजी क्षेत्रकों के बीच भ्रष्ट लिंक का निर्माण होता है और साथ ही यह इसके लिए बाध्य करता है।

**21.** उपर्युक्त परिच्छेद पर आधारित, निम्नलिखित पूर्वधारणाएं बनाई गई हैं:
1. चुनावों के लिए राज्य द्वारावित्त पोषण चुनावी भ्रष्टाचार के मुद्दे का समाधान कर सकता है।
2. नियमित चुनाव वास्तविक लोकतंत्र के अस्तित्व की गारंटी नहीं देते हैं।
3. लोकतंत्र की मौजूदगी में भी राजनीतिक भ्रष्टाचार से निपटना संभव नहीं है।

उपर्युक्त पूर्वधारणाओं में से कौन-सी वैध ***नहीं*** है/हैं?
(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

**22.** उपर्युक्त परिच्छेद में "मूल अपराध" से लेखक का क्या तात्पर्य है?
(a) सामान्य तौर पर, निरंकुश नेता अपने शासन की वैधता प्राप्त करने के लिए चुनावों का उपयोग करते हैं।
(b) निजी क्षेत्रक द्वारा राजनीतिक वित्तपोषण की निगरानी एक तटस्थ एजेंसी द्वारा की जानी चाहिए।
(c) अवैध चुनावी वित्तपोषण का मुद्दा मूल रूप से चुनाव की अवधारणा से शुरू हुआ है।
(d) चुनावों में निजी क्षेत्रक द्वारा राजनीतिक दलों का अवैध वित्तपोषण राजनीतिक भ्रष्टाचार का मूल कारण है।

**परिच्छेद – 2**

मानवाधिकार सिद्धांत सुशासन प्रयासों के मूल को प्रेरित करते हैं: वे विधायी ढांचे, नीतियों, कार्यक्रमों, बजटीय आवंटन और अन्य उपायों के विकास को प्रेरित कर सकते हैं। दूसरी ओर, सुशासन के बिना मानवाधिकारों का सम्मान और संरक्षण स्थायी रूप से नहीं किया जा सकता है। मानवाधिकारों का कार्यान्वयन एक सहायक और सक्षम परिवेश पर निर्भर करता है। इसमें जनसंख्या के अधिकारों और आवश्यकताओं का प्रत्युत्तर देने के लिए उत्तरदायी उपयुक्त कानूनी ढांचे और संस्थानों के साथ-साथ राजनीतिक, प्रबंधकीय और प्रशासनिक प्रक्रियाएं शामिल हैं।

**23.** उपर्युक्त परिच्छेद पर आधारित, निम्नलिखित पूर्वधारणाएं बनाई गई हैं:
1. सुशासन और मानवाधिकार परस्पर एक-दूसरे को सुदृढ़ करते हैं।
2. उचित ढांचे, संस्थाओं और प्रक्रियाओं के बिना मानवाधिकारों को प्राप्त करना आसान नहीं है।

उपर्युक्त में से कौन-सी पूर्वधारणा/पूर्वधारणाएं वैध है/हैं?
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1, न ही 2


VISION IAS WWW.UPSCMATERIAL.ONLINE WWW.PDFNOTES.CO

**24.** दी गई श्रृंखला में लुप्त पद ज्ञात कीजिए।

247, 416, 705, 1066, 1595, ?

(a) 1995

(b) 2096

(c) 2436

(d) 1795

**25.** यदि एक कूट भाषा में 'BEAUTIFUL' को '97' लिखा जाता है, तो 'WONDERFUL' का कूट भाषा क्या होगा?

(a) 87

(b) 99

(c) 118

(d) 121

**26.** रवि ने एक घन को इस प्रकार से रंगा कि इसका एक फलक बिना रंग का रह गया। यदि इस घन को 64 छोटे घनों में विभाजित कर दिया जाए, तो ऐसे कितने घन होंगे जिनका कम से कम एक फलक रंगा हुआ होगा?

(a) 52

(b) 48

(c) 62

(d) 36

**27.** एक घन के छह फलक काले रंग के हैं। इस घन को 343 छोटे परंतु, समान आकार के घनों में काटा जाता है। यदि N उन घनों की संख्या है जिनका कोई फलक रंगा नहीं गया है, तो N के मान के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा सत्य है?

(a) $116 < N \leq 130$

(b) $110 \leq N \leq 116$

(c) $106 \leq N \leq 112$

(d) $116 \leq N \geq 126$

**28.** एक पासे की चार अलग-अलग स्थितियां नीचे दी गई हैं।




P वाले फलक के विपरीत फलक पर अंकित अक्षर ज्ञात कीजिए।

(a) R

(b) T

(c) O

(d) S

**निम्नलिखित 3 (तीन) प्रश्नांशों के लिए निर्देश:**

*निम्नलिखित जानकारी को पढ़िए और उसके बाद आने वाले तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

6 व्यक्तियों के एक परिवार में, P, Q, R, S, T और U बढ़ई, शिक्षक, प्लंबर, दर्जी, पुलिस और चौकीदार के रूप में कार्य करते हैं, यह आवश्यक नहीं है कि ये इसी क्रम में हो। इसके अतिरिक्त, वे अलग-अलग रंगों अर्थात् नारंगी, गुलाबी, लाल, काले, भूरे और ग्रे रंग की शर्ट पहनते हैं, यह भी आवश्यक नहीं है कि ये इसी क्रम में हो।

(i) नारंगी रंग की शर्ट पहनने वाला व्यक्ति दर्जी के रूप में और गुलाबी रंग की शर्ट पहनने वाला व्यक्ति बढ़ई के रूप में कार्य करता है।

(ii) U न तो प्लंबर के रूप में और न ही पुलिस के रूप में कार्य करता है।

(iii) P लाल रंग की शर्ट पहनता है और शिक्षक के रूप कार्य करता है।

(iv) S पुलिस के रूप में कार्य नहीं करता है और वह व्यक्ति जिसने भूरे रंग की शर्ट पहनी है, प्लंबर के रूप में कार्य नहीं कर रहा है।

(v) T चौकीदार के रूप में कार्य करता है। न तो S और न ही Q दर्जी के रूप में कार्य करते हैं।

(vi) वह व्यक्ति जो पुलिस के रूप में कार्य करता है, भूरे या काले रंग की शर्ट नहीं पहनता है। R बढ़ई के रूप में कार्य करता है।

**29.** कौन-सा युग्म सही सुमेलित है?

(a) चौकीदार – ग्रे – T

(b) दर्जी – नारंगी – Q

(c) बढ़ई – गुलाबी – U

(d) प्लंबर – काला – S



WWW.PDFNOTES.CO

**30.** भूरे रंग की शर्ट किसने पहनी है?

(a) प्लंबर

(b) चौकीदार

(c) पुलिस

(d) दर्जी

**31.** ग्रे रंग की शर्ट किसने पहनी है?

(a) बढ़ई

(b) प्लंबर

(c) पुलिस

(d) चौकीदार

***निम्नलिखित 2 (दो) प्रश्नांशों के लिए निर्देश:***

*निम्नलिखित **दो** परिच्छेदों को पढ़िए और प्रत्येक परिच्छेद के नीचे आने वाले प्रश्नों के उत्तर दीजिए। इन प्रश्नांशों के लिए आपके उत्तर केवल इन परिच्छेदों ही पर आधारित होने चाहिए।*

**परिच्छेद-1**

भारत में नीति निर्माताओं ने, निम्न-आय वाले परिवारों को, उनके द्वारा चयनित वस्तुओं और सेवाओं के उपभोग को बढ़ाने में सहायता प्रदान करने और निवेशकों और उत्पादकों की चयनित श्रेणियों के समर्थन हेतु प्रोत्साहन प्रदान करने के लिए बजटीय संसाधनों का इस्तेमाल किया है। इन दो श्रेणियों में आर्थिक उद्देश्य काफी भिन्न हैं। पहली श्रेणी में खाद्यान्न तथा स्वास्थ्य एवं शिक्षा जैसी सेवाओं के निःशुल्क या सब्सिडी युक्त प्रावधान शामिल होंगे। दूसरी श्रेणी के उदाहरणों में केंद्र सरकार की विभिन्न क्षेत्रकों के लिए उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहनों से संबंधित हालिया पहल और कर रियायतें शामिल है। अतीत में, सामान्य रूप से या पिछड़े क्षेत्रों जैसे कुछ प्रदेशों में निवेश को बढ़ावा देने के लिए, कॉर्पोरेट करों में कमी के रूप में प्रोत्साहनों की पेशकश की गई है।

**32.** उपर्युक्त परिच्छेद के अनुसार, दोनों श्रेणियों के आर्थिक उद्देश्य क्या हो सकते हैं:

1. गरीबों को गरीबी रेखा से ऊपर उठाना
2. निवेशकों को निवेश के लिए आकर्षित करना
3. क्रोनी कैपिटलिज्म की संभावना

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(a) केवल 1 और 3

(b) केवल 3

(c) 1, 2 और 3

(d) केवल 1 और 2

**परिच्छेद - 2**

श्रम बाजार (World of work) तेजी से बदल रहा है। नियोक्ताओं का कहना है कि उन्हें ऐसे युवा वयस्कों की आवश्यकता है जो नए कार्यों और चुनौतियों को स्वीकार कर सकें, नवाचारी एवं सहयोगी हों तथा उत्पादों और प्रक्रियाओं के नए तरीकों का सुझाव दे सकें। बाजार के बड़े भागीदार या प्रतिभागी प्राय: यह शिकायत करते हैं कि नौकरी खोज रहे पारंपरिक शैक्षणिक योग्यता वाले लोगों की एक बड़ी संख्या ऐसी है जिनमें मिलजुल कर काम करने का गुण नहीं हैं या वे पर्याप्त रूप से रचनात्मक नहीं हैं। इन युवा उम्मीदवारों को दोष क्यों देना? उन्होंने वर्षों से यही सीखा ही है कि व्यवस्था, प्रतिस्पर्धा को प्रोत्साहित करती है और अनुरूपता एवं अनुपालन को पुरस्कृत करती है।

**33.** परिच्छेद के अनुसार, नियोक्ता अपने कर्मचारियों में क्या खोजते हैं?

1. प्रतिस्पर्धा के प्रति उत्साह
2. समस्याओं को हल करने की क्षमता
3. समय प्रबंधन
4. प्रवीणता

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(a) 1, 2, 3, और 4

(b) केवल 2 और 4

(c) केवल 1, 3 और 4

(d) केवल 1, 2 और 3



VISION IAS WWW.UPSCMATERIAL.ONLINE WWW.PDFNOTES.CO

**34.** संख्याओं के निम्नलिखित पैटर्न पर विचार कीजिए:




तीसरी आकृति में प्रश्नवाचक चिह्न के स्थान पर कौन-सी संख्या आनी चाहिए?

(a) 92
(b) 81
(c) 79
(d) 45

**35.** निम्नलिखित श्रृंखला पर विचार कीजिए।
L F 3 # R N 8 A @ Y 4 M © W P 6 H U 9 I K 2 E
यदि उपर्युक्त व्यवस्था में सभी संख्याओं को हटा दिया जाता है, तो निम्नलिखित में से कौन-सा बाएं छोर से चौदहवां अक्षर/चिह्न होगा?

(a) I
(b) P
(c) W
(d) U

**36.** नीचे दी गई श्रृंखला पर विचार कीजिए।
5C, 14F, 29I, 50L, ?, 110R, 149U
उपर्युक्त पैटर्न में लुप्त अवयव क्या है?

(a) 77O
(b) 62S
(c) 70M
(d) 80P

**37.** निम्नलिखित अनुक्रम का अध्ययन कीजिए।
F N $ 3 2 * W E % ! B M P ( A V ~ 9 F + S U # L T ^
उपर्युक्त अनुक्रम में ऐसी कितनी संख्याएं हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक व्यंजन और ठीक बाद में एक चिह्न है?

(a) एक भी संख्या नहीं
(b) एक
(c) दो
(d) तीन

***निम्नलिखित 4 (चार) प्रश्नांशों के लिए निर्देश:***

*निम्नलिखित जानकारी को पढ़िए और उसके उपरांत आने वाले चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

आठ छात्र P, Q, R, S, T, U, V और W ने विभिन्न विषयों - गणित, चिकित्सा, कृषि, भौतिकी, राजनीति विज्ञान, इतिहास, समाजशास्त्र और लोक प्रशासन में स्नातकोत्तर पूरा किया है। यह आवश्यक नहीं है कि ये इसी क्रम में हो। ये छात्र आठ अलग-अलग शहरों - दिल्ली, मुंबई, चंडीगढ़, पटना, लखनऊ, कानपुर, चेन्नई और पुणे में रहते हैं। यह आवश्यक नहीं है कि ये इसी क्रम में रहते हों।

V लोक प्रशासन का अध्ययन करता है। S जो मुंबई में रहता है, वह भौतिकी का छात्र नहीं है। R पटना में रहता है और राजनीति विज्ञान का अध्ययन करता है। W चंडीगढ़ में रहता है, और वह व्यक्ति जो गणित का अध्ययन करता है, पुणे में रहता है। T पुणे में नहीं रहता है। Q न तो दिल्ली में रहता है और न ही चेन्नई में रहता है और समाजशास्त्र का अध्ययन करता है। न तो T और न ही V कृषि का अध्ययन करता है, और कृषि का अध्ययन करने वाला छात्र लखनऊ में रहता है। वह छात्र जो भौतिकी का अध्ययन करता है वह न तो दिल्ली में रहता है और न ही चेन्नई में रहता है।

**38.** दिल्ली में कौन रहता है?

(a) P
(b) T
(c) V
(d) निर्धारित नहीं किया जा सकता है।

**39.** यदि अतिरिक्त जानकारी दी जाए कि लोक प्रशासन का अध्ययन करने वाला व्यक्ति दिल्ली में रहता है, तो निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा निश्चित रूप से असत्य है?

(a) T चेन्नई में रहता है।
(b) T चिकित्सा या इतिहास का अध्ययन करता है।
(c) V दिल्ली में रहता है।
(d) T कृषि का अध्ययन करता है।



VISION IAS
WWW.UPSCMATERIAL.ONLINE
WWW.PDFNOTES.CO

40. निम्नलिखित में से कौन-सा संयोजन संभव नहीं है?
(a) S →चिकित्सा → मुंबई
(b) B →लोक प्रशासन → दिल्ली
(c) T →चिकित्सा → दिल्ली
(d) T →इतिहास → चंडीगढ़

41. Q किस शहर में रहता है?
(a) पटना
(b) कानपुर
(c) चंडीगढ़
(d) मुंबई

***निम्नलिखित 3 (तीन) प्रश्नांशों के लिए निर्देश:***
*निम्नलिखित **तीन** परिच्छेदों को पढ़िए और प्रत्येक परिच्छेद के बाद आने वाले प्रश्नांशों के उत्तर दीजिए। इन प्रश्नांशों के लिए आपके उत्तर केवल इन परिच्छेदों पर ही आधारित होने चाहिए।*

**परिच्छेद – 1**

जलवायु परिवर्तन का प्रभाव भारतीय कृषि में कहीं अधिक सुस्पष्ट रूप से दिखाई देता है, जहां लगभग 85% किसान लघु एवं सीमांत किसान हैं तथा 60% कृषि मानसून की अनिश्चितताओं पर निर्भर है। इसलिए सिंचाई की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। हालांकि, 1960 के दशक में हरित क्रांति की शुरुआत के बाद से पारंपरिक प्रथाओं के माध्यम से की जाने वाली निरंतर सिंचाई ने भौमजल की गुणवत्ता एवं स्तर, जल का जमाव, मृदा की लवणता, मृदा स्वास्थ्य, फसल उत्पादकता, आंशिक कारक उत्पादकता और कृषि पद्धतियों की लागत संबंधी मितव्ययताओं पर अपने बहुआयामी दुष्प्रभाव दिखाने शुरू कर दिए हैं। इसलिए सूक्ष्म-सिंचाई का महत्व बढ़ जाता है।

42. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा परिच्छेद के ***मर्म को सर्वोत्तम रूप से दर्शाता*** है?
(a) सूक्ष्म सिंचाई, हरित क्रांति के दुष्परिणामों को दूर करने तथा मानसून पर निर्भरता को कम करने में सक्षम है।
(b) जलवायु परिवर्तन ने भारतीय कृषि की समग्र उत्पादकता को कम कर दिया है।
(c) दूसरी हरित क्रांति कृषि पर जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से निपटने के लिए एक व्यवहार्य समाधान प्रस्तुत करती है।
(d) सूक्ष्म सिंचाई को बड़े पैमाने पर अपनाने के लिए सरकार को इसमें और अधिक निवेश करना चाहिए।

**परिच्छेद – 2**

व्यक्तियों एवं समूहों को सशक्त बनाने और उनकी जीवन-शैली में परिवर्तन लाने के लिए क्राउडफंडिंग एक शक्तिशाली साधन है। इससे अंतरालों को पाटने में मदद मिलती है और यह मानवता को एक कदम आगे ले जाने में सक्षम बनाता है। हालांकि, किसी व्यक्ति को दान करने के साथ-साथ धन जुटाते समय भी बहुत सावधान रहना चाहिए। विश्वसनीयता और मूल कारणों की ध्यानपूर्वक परख करनी चाहिए। शक्तिशाली प्लेटफार्मों की उपलब्धता के साथ अब चीजें आसान और बेहतर हो गई हैं।
यह कहा जा सकता है कि इस परिघटना ने फंडिंग को सुलभ बना दिया है और नियंत्रणकर्ताओं को समाप्त कर दिया है। वर्तमान में, कोई भी व्यक्ति जिसके पास एक महान विचार है और उसे उस विचार को क्रियान्वित करने की क्षमता है, वह सफल होने के लिए आवश्यक धन जुटा सकता है।

43. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन परिच्छेद के ***मूल विचार को सर्वोत्तम रूप से दर्शाता*** है?
(a) क्राउडफंडिंग में विश्वसनीयता के मुद्दों का समाधान करने से यह धन जुटाने का सबसे बेहतर तंत्र बन सकता है।
(b) क्राउडफंडिंग किसी विचार को वास्तविकता में सफलतापूर्वक परिवर्तित करने के लिए एक आसान मार्ग उपलब्ध कराता है।
(c) क्राउडफंडिंग तंत्र में भी कुछ खामियां अंतर्निहित हैं जिन्हें शक्तिशाली प्लेटफार्मों के उपयोग के माध्यम से हल किया जा सकता है।
(d) कर्ज जुटाने पर लगने वाले ब्याज से बचने के लिए लोगों को क्राउडफंडिंग को अपनाना चाहिए।

**परिच्छेद – 3**

वायुमंडलीय ओजोन पृथ्वी के तापमान संतुलन को दो तरीके से प्रभावित करती है। यह समताप मंडल को गर्म करने वाले सौर पराबैंगनी विकिरण को अवशोषित करती है। यह पृथ्वी की सतह द्वारा उत्सर्जित अवरक्त विकिरण को भी अवशोषित करती है, जिससे क्षोभमंडल प्रभावी रूप से गर्म बना रहता है। इसलिए ओजोन सांद्रता में होने वाले परिवर्तन से जलवायु प्रभाव भी ओजोन में हो रहे परिवर्तनों की ऊंचाई के साथ-साथ बदलता रहता है। मानव-उत्पादित क्लोरीन और ब्रोमीन युक्त गैसों के कारण निचले समताप मंडल में जो प्रमुख ओजोन क्षति हुई है, उसका पृथ्वी की सतह पर शीतलन प्रभाव पड़ता है। दूसरी ओर, क्षोभमंडल में ओजोन वृद्धि होने का अनुमान है क्योंकि सतही-प्रदूषण गैसों का पृथ्वी की सतह पर उष्मन प्रभाव पड़ता है, जिससे "ग्रीनहाउस" प्रभाव में वृद्धि होती है।


©Vision IAS
VISION IAS WWW.UPSCMATERIAL.ONLINE
WWW.PDFNOTES.CO

**44.** इस परिच्छेद में से निम्नलिखित में से कौन-सा/से ***सर्वाधिक तर्कसंगत और तार्किक निष्कर्ष*** निकाला/निकाले जा सकता/सकते है/हैं ?

1. ओजोन परिवर्तन से होने वाला जलवायु प्रभाव मुख्यत: क्षोभमंडल में परिलक्षित होता है।
2. समताप मंडलीय और क्षोभमंडलीय ओजोन क्षति पृथ्वी के तापमान संतुलन को प्रभावित करती है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग सही उत्तर चुनिए:

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**45.** दिए गए खुले पासे को मोड़कर निम्नलिखित में से कौन-से पासे बनाए जा सकते हैं?




(a) केवल (a) और (b)

(b) केवल (b) और (c)

(c) केवल (c) और (d)

(d) केवल (b) और (d)

**46.** एक बड़े घन में 125 एकसमान छोटे घन समाहित हैं। आंतरिक रूप से छिपे हुए छोटे घनों की कुल संख्या ज्ञात कीजिए।

(a) 64

(b) 27

(c) 98

(d) 100

**47.** यदि एक कूट भाषा में 'MOHAN' को '46815' लिखा जाता है, तो उसी कूट भाषा में 'INDIAN' को क्या लिखा जाएगा?

(a) 954915

(b) 938716

(c) 946214

(d) 967215

**48.** दी गई मिश्रित श्रृंखला में लुप्त पद ज्ञात कीजिए।

A4C, D16H, I36O, P64X, ?

(a) Q100X

(b) Y256I

(c) R324M

(d) Z100N

**49.** निम्नलिखित श्रृंखला में अगला पद ज्ञात कीजिए।

29, 131, 254, 419, 647, ?

(a) 959

(b) 944

(c) 1024

(d) 1331

**50.** एक निश्चित कूट भाषा में 'low nas hsi play' का अर्थ है 'she is bringing coffee'; 'wis sat low play' का अर्थ है 'he is bringing milk' और 'sat lim nas' का अर्थ 'milk and coffee' है। इसी कूट भाषा में 'he' के लिए प्रयुक्त कूट क्या होगा?

(a) sat

(b) wis

(c) play

(d) low



VISION IAS
WWW.UPSCMATERIAL.ONLINE
WWW.PDFNOTES.CO

***निम्नलिखित 2 (दो) प्रश्नांशों के लिए निर्देश:***

*निम्नलिखित **दो** परिच्छेदों को पढ़िए और प्रत्येक परिच्छेद के उपरांत आने वाले प्रश्नांशों के उत्तर दीजिए। इन प्रश्नांशों के लिए आपके उत्तर केवल परिच्छेदों पर ही आधारित होने चाहिए।*

**परिच्छेद – 1**

21वीं सदी के युद्ध दूसरों के डेटा पर अधिकार करने, उसमें हेरफेर करने या उसको नष्ट करने के लिए होंगे। विश्व भर के संगठनों और राष्ट्रों को सशक्त करने वाली डिजिटल प्रणालियां अपराधियों, सुसंगठित साइबर अपराध गिरोहों और राज्य द्वारा प्रायोजित हैकरों के हमले के प्रमुख लक्ष्य बन गए हैं। इंटरनेट व्यापक होता जा रहा है तथा दुनिया तेजी से आपस में जुड़ती जा रही है, ऐसे में साइबर हमले व्यापक प्रभाव उत्पन्न कर सकते हैं। मई 2017 में वानाक्राई हैकिंग हमला, जिसने 150 देशों के कंप्यूटरों को पंगु बना दिया था, इस समस्या की व्यापक प्रकृति का एक उदाहरण मात्र है। साइबर असुरक्षा के कारण होने वाले विनाश, डाउनटाइम और प्रतिस्थापन लागत के चलते अरबों डॉलर की बर्बादी हो रही है।

**51.** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन उपर्युक्त परिच्छेद के ***मूल विचार को सर्वोत्तम रूप से दर्शाता*** है?

(a) वैश्विक संगठनों को राज्य प्रायोजित साइबर हमलों के लिए जवाबदेही तंत्र विकसित करना चाहिए।

(b) 21वीं सदी में साइबर असुरक्षा प्रमुख आर्थिक क्षति का कारण बनती है।

(c) साइबर हमलों से होने वाली क्षति से बचने के लिए, इंटरनेट का विनियमन और निगरानी करना आवश्यक है।

(d) साइबर असुरक्षा एक वैश्विक चुनौती है; इसलिए, राष्ट्रों को इसका समाधान निकालने के लिए एकजट होना चाहिए।

**परिच्छेद – 2**

व्यक्तिवाद हमेशा मौजूद रहता है। प्रत्येक व्यक्ति सदैव पूछता रहता है कि "क्या मैं और मेरे पड़ोसी भाई-भाई हैं, क्या हम कोई दूर के रिश्तेदार हैं, क्या मैं उनका संरक्षक हूं, मैं क्यों उनके साथ अच्छा व्यवहार करूं" तथा व्यक्ति अपने विशेष हितों के दबाव में ऐसे कार्य करता रहता है जैसे कि वह स्वयं के लिए साध्य हो, इस तरह एक गैर-सामाजिक और यहां तक कि एक असामाजिक स्व का विकास होता है। बंधुत्व इसके विपरीत चरित्र की शक्ति है। बंधुत्व, सहानुभूति का दूसरा नाम है। यह एक ऐसी भावना में समाहित होता है जो किसी व्यक्ति को दूसरों की भलाई करने हेतु प्रेरित करती है जिसके कारण "दूसरों की भलाई उसके लिए स्वाभाविक और अनिवार्य रूप से हमारे अस्तित्व की किसी भी भौतिक स्थिति की भांति प्राप्त करने वाली वस्तु बन जाती है।"

**52.** इस परिच्छेद से निम्नलिखित में से कौन-सा/से ***सर्वाधिक तर्कसंगत और तार्किक निष्कर्ष*** निकाला/निकाले जा सकता/सकते है/हैं?

1. व्यक्तिवाद और बंधुत्व एक साथ नहीं हो सकते हैं।
2. बंधुत्व, लोगों को साध्य जबकि व्यक्तिवाद लोगों को साधन मानता है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए:

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**53.** किसी विशेष कूट भाषा में 'CODE' और 'BUT' को क्रमशः 'XLWV' और 'YFG' लिखा जाता है। 'MAN' के लिए प्रयुक्त कूट क्या होगा?

(a) RZQ

(b) SZR

(c) TZS

(d) NZM



VISION IAS
WWW.UPSCMATERIAL.ONLINE
WWW.PDFNOTES.CO

**54.** निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प 'X' के स्थान पर आना चाहिए?

BD1F, DH5L, X, FG4R

(a) FL3R

(b) ED2T

(c) JD2T

(d) CL4R

**55.** राम कृष्ण उसके द्वारा बनाए गए प्रत्येक घन पर 0.40 रुपये अर्जित करता है। यदि उसके पास 3 मीटर लंबी भुजा वाले घन के आकार का एक काष्ठ खंड है और उसे 3 सेंटीमीटर लंबी भुजा वाले छोटे घन बनाने हैं, तो वह कितने रुपये अर्जित करेगा?

(a) 40 हजार

(b) 4 लाख

(c) 40 लाख

(d) 35 हजार

**56.** एक घन के छह फलकों में से प्रत्येक पर A से F तक अंकित किया जाता है।




निम्नलिखित कथन पर विचार कीजिए:

**S1.** आकृति (ii) और (iii) यह जानने के लिए पर्याप्त हैं कि F के विपरीत कौन-सा फलक है।

**S2.** आकृति (ii) और (iii) यह जानने के लिए पर्याप्त हैं कि D के विपरीत कौन-सा फलक है।

**S3.** आकृति (i) और (iv) यह जानने के लिए पर्याप्त हैं कि C के विपरीत कौन-सा फलक है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

(a) केवल S1 और S3

(b) केवल S1 और S2

(c) केवल S2 और S3

(d) सभी S1, S2 और S3

***निम्नलिखित 3 (तीन) प्रश्नांशो के लिए निर्देश:***

*निम्नलिखित जानकारी को पढ़िए और उसके बाद आने वाले तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

किसी खाद्य वितरण कंपनी में पांच कर्मचारी नामतः, रुद्र, संजीव, ताहिर, उपेंद्र और विक्की, पांच कंपनियों अर्थात्, आई.बी.एम, एप्पल, एच.टी.सी, एसर या एच.पी. को सोमवार से शुक्रवार तक सप्ताह में एक दिन भोजन डिलीवर करते हैं।

(i) विक्की, एसर को भोजन डिलीवर नहीं करता है और वह मंगलवार को कार्य नहीं करता है।

(ii) संजीव, एच.पी. को डिलीवर करता है किन्तु वह सोमवार या शुक्रवार को भोजन डिलीवर नहीं करता है।

(iii) आई.बी.एम को भोजन गुरुवार को डिलीवर किया जाता है।

(iv) ताहिर बुधवार को भोजन डिलीवर करता है किन्तु वह एसर को भोजन डिलीवर नहीं करता है।

(v) एच.टी.सी को शुक्रवार को भोजन डिलीवर किया जाता है किन्तु उपेंद्र द्वारा भोजन डिलीवर नहींकिया जाता है।

(vi) रुद्र सोमवार को कार्य करता है।

**57.** निम्नलिखित में से कौन-सा निष्कर्ष निकाला जा सकता है?

(a) ताहिर शुक्रवार को एप्पल को भोजन डिलीवर करता है।

(b) संजीव बुधवार को एच.पी. को भोजन डिलीवर करता है।

(c) शुक्रवार को विक्की द्वारा भोजन डिलीवर नहीं किया जाता है।

(d) बुधवार को ताहिर एप्पल को भोजन डिलीवर करता है।

**58.** विक्की किस कंपनी को भोजन डिलीवर करता है?

(a) एसर

(b) एच.पी.

(c) आई.बी.एम

(d) एच.टी.सी

**59.** एसर को भोजन किस दिन डिलीवर किया जाता है?

(a) शुक्रवार

(b) सोमवार

(c) मंगलवार

(d) बुधवार



VISIONIAS WWW.UPSCMATERIAL.ONLINE WWW.PDFNOTES.CO

*निम्नलिखित 3 (तीन) प्रश्नांशों के लिए निर्देश:*

*निम्नलिखित **दो** परिच्छेदों को पढ़िए और प्रत्येक परिच्छेद के बाद आने वाले प्रश्नांशों के उत्तर दीजिए। इन प्रश्नांशों के लिए आपके उत्तर केवल इन परिच्छेदों पर ही आधारित होने चाहिए।*

***परिच्छेद- 1***

महिलाएं प्रायः घरों में जल की संग्राहक, उपयोगकर्ता और प्रबंधक के साथ-साथ सिंचित फसलों की कृषक भी होती हैं। उदाहरण के लिए, विश्व के खाद्य पदार्थों का कम-से-कम आधा भाग महिला कृषकों द्वारा उगाया जाता है तथा कुछ अफ्रीकी देशों में महिला कृषकों द्वारा उगाए जाने वाले खाद्य पदार्थों का हिस्सा 80% तक है (FAO, 2000)। यद्यपि अफ्रीकी महिलाएं कृषि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं, फिर भी वे सर्वाधिक वंचित आबादी के रूप में बनी हुई हैं। ताजे जल तक आसान पहुंच से उन लड़कियों के जीवन स्तर की स्थितियों में सुधार होगा जो आमतौर पर स्कूल जाना बंद कर देती हैं और काफी कम उम्र में ही खेतों में काम करना और जल लाना प्रारंभ कर देती हैं। जल तक पहुंच का अभाव औपचारिक शिक्षा प्राप्त करने के उनके अधिकार के लिए एक बाधा है।

**60.** इस परिच्छेद से निम्नलिखित में से कौन-सा/से ***सर्वाधिक तर्कसंगत और तार्किक निष्कर्ष*** निकाला/निकाले जा सकता/सकते है/हैं?

1. विश्व की महिलाओं को विश्व की जनसंख्या का संभरक माना जा सकता है।
2. जल लाने की अपनी जिम्मेदारी के कारण भारतीय और अफ्रीकी दोनों महिलाएं शिक्षा के अवसर को खो देती हैं।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 , न ही 2

***परिच्छेद–2***

मृत्युदंड को प्रायः उचित ठहराया जाता है क्योंकि अधिकांश लोग वैचारिक रूप में इसका समर्थन करते हैं। यह निर्धारित करने के प्रयास में कि क्या दंड नृशंस और असामान्य है, उच्चतम न्यायालय ने पूछा है कि क्या यह दंड समाज के "सभ्यता के विकसित मानदंडों" के अनुरूप है। न्यायालय इन मानदंडों की जांच के लिए जनमत सर्वेक्षणों पर निर्भर रहने के लिए अनिच्छुक रहा है क्योंकि सर्वेक्षणों के परिणाम सर्वेक्षण करने वाली फर्म और पूछे गए प्रश्नों की विशिष्ट शब्दावली के आधार पर व्यापक रूप से भिन्न हो सकते हैं। इसके बजाय, न्यायालय ने राज्य विधानमंडलों की कार्यवाईयों और जूरी, अभियोजकों और राज्यपालों के निर्णयों को जनता की इच्छा को प्रतिबिंबित करने वाले निर्णयों के रूप में देखा है। मृत्युदंड के बारे में विचलित करने वाले असंख्य तथ्यों के कारण इसके उपयोग में तेजी से गिरावट आई है। अंततः, मृत्युदंड का भविष्य इस बात पर निर्भर करेगा कि उसे जनता का समर्थन मिल रहा है या नहीं।

**61.** इस परिच्छेद से निम्नलिखित में से कौन-सा/से ***सर्वाधिक तर्कसंगत और तार्किक निष्कर्ष*** निकाला/निकाले जा सकता/सकते है/हैं?

1. आधुनिक समाजों में मृत्युदंड का स्थान नही होना चाहिए क्योंकि यह एक असंवैधानिक कृत्य है।
2. मौजूदा जन समर्थन को कम करने के लिए मृत्युदंड के विरुद्ध जागरूकता आवश्यक है।

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2



VISION IAS WWW.UPSCMATERIAL.ONLINE WWW.PDFNOTES.CO

62. उपर्युक्त परिच्छेद द्वारा संप्रेषित ***निर्णायक संदेश*** क्या है?

(a) मृत्युदंड के प्रति जन समर्थन के मूल्यांकन के लिए जनमत सर्वेक्षण एक अच्छा तंत्र हो सकता है।

(b) मृत्युदंड केवल शीर्ष न्यायालय द्वारा दिया जाना चाहिए ताकि न्याय की निष्फलता न हो।

(c) राज्य विधानमंडल और राज्यपालों को मृत्युदंड से संबंधित उच्चतम न्यायालय के निर्णय को प्रभावित नहीं करना चाहिए।

(d) मृत्युदंड की निरंतरता संस्थागत तंत्र के माध्यम से परिलक्षित समाज के मत पर निर्भर करती है।

63. दी गई श्रृंखला में गलत पद ज्ञात कीजिए।

4, 12, 45, 215, 1305

(a) 215

(b) 45

(c) 12

(d) 1305

64. यदि एक कूट भाषा में शब्द 'CORRESPONDING' को 'HJWMJNUJSYNIL' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है, तो 'RESPONSE' शब्द का कूट क्या होगा?

(a) WJNUJIZ

(b) WZXKTIXZ

(c) WXJNTXIZ

(d) WZXKTXIZ

***निम्नलिखित 2 (दो) प्रश्नांशों के लिए निर्देश:***

0 से 9 तक के अंकों को एक कूट भाषा में नीचे दर्शाया गया है।

| Digits | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ |
| Codes | ★ | x | ϕ | M | ϴ | c | E | R | U | Z |

**स्थिति I.** यदि कोई संख्या शून्य (0) या सम संख्या से शुरू और समाप्त होती है, तो पहले और अंतिम अंक को क्रमशः A और λ (लैम्ब्डा) के रूप में कूटबद्ध किया जाना है।

**स्थिति II.** यदि कोई संख्या 1 से शुरू होती है और शून्य (0) पर समाप्त होती है, तो पहले और अंतिम अंक को क्रमशः γ (गामा) और E के रूप में कूटबद्ध किया जाना है।

65. 379150 का कूट क्या है?

(a) MEZ⋆θR

(b) ØEU⋆θZ

(c) λØU⋆θE

(d) निर्धारित नहीं किया जा सकता है।

66. 147689020 का कूट क्या होगा?

(a) ⋆MEcRUZXZ

(b) γME⋆RUZXE

(c) γMEØRUZXE

(d) γMEcRUZXE

67. अनुराग रंगे हुए एक बड़े घन को कई छोटे एक समान घनों में काटता है। उसने पाया कि छोटे घनों में से 64 घन ऐसे थे जिन पर कोई फलक रंगा हुआ नहीं था। कितने छोटे घनों में पूरी तरह से एक फलक रंगा हुआ है?

(a) 216

(b) 100

(c) 72

(d) 96

VISION IAS
WWW.UPSCMATERIAL.ONLINE
WWW.PDFNOTES.CO

**68.** विकल्पों में दिया गया कौन-सा मुड़ा हुआ पासा नीचे दर्शाए गए खुले पासे के समान है?




(a)




(b)




(c)




(d)




**69.** एक पासे के निम्नलिखित दृश्यों पर विचार कीजिए।




कौन-सा अक्षर C के विपरीत होना चाहिए?

(a) A

(b) D

(c) E

(d) आंकड़े अपर्याप्त हैं।

**70.** भोला न्यूनतम संभव कटों का उपयोग करके एक बड़े घनाकार ब्लॉक को छोटे और एक समान 729 घनाकार ब्लॉक में काटने का प्रयास कर रहा है। उसके कट X, Y या Z निर्देशांकों के साथ-साथ हो सकते हैं और ब्लॉक के पार (अर्थात् एक तरफ से दूसरी तरफ) जा सकते हैं। प्रत्येक कट को लगाने के बाद वह 80 सेकंड के लिए विश्राम करता है। पूरे कटिंग सत्र में, भोला द्वारा लिए गए विश्राम का कुल समय कितना है?

(a) 24 मिनट

(b) 36 मिनट

(c) 30 मिनट

(d) 20 मिनट

***निम्नलिखित 4 (चार) प्रश्नांशों के लिए निर्देश:***

*निम्नलिखित **चार** परिच्छेदों को पढ़िए और प्रत्येक परिच्छेद के बाद आने वाले प्रश्नांशों के उत्तर दीजिए। इन प्रश्नांशों के लिए आपके उत्तर केवल परिच्छेदों पर आधारित होने चाहिए।*

**परिच्छेद – 1**

सामान्यतः, यदि आर्थिक संवृद्धि नहीं होती है तो निर्धनता को कम नहीं किया जा सकता है। यदि आबादी का एक बड़ा हिस्सा स्थायी निर्धनता में जीवन व्यतीत करता है तो आर्थिक संवृद्धि की संभावनाएं कम हो सकती हैं। साथ ही, आय (और संपत्ति) का प्रारंभिक वितरण, संवृद्धि की संभावनाओं को और व्यापक स्तर पर मौजूद निर्धनता के उन्मूलन को भी काफी प्रभावित कर सकता है। पर्याप्त साक्ष्य के अनुसार, आय का अत्यधिक असमान वितरण आर्थिक संवृद्धि या निर्धनता को कम करने के लिए सहायक नहीं है। अनुभव के आधार पर यह कहा जा सकता है कि यदि देश बेहतर स्वास्थ्य और बेहतर शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रोत्साहन संरचना और पूरक निवेश करते हैं, तो उच्च आय का सृजन हो सकता है तथा वर्तमान उपभोग में वृद्धि और भविष्य की उच्च आय के माध्यम से निर्धन व्यक्तियों को दोगुना फायदा होगा।


©Vision IAS
VISION IAS
WWW.UPSCMATERIAL.ONLINE
WWW.PDFNOTES.CO

71. इस परिच्छेद से निम्नलिखित में से कौन-सा/से ***सर्वाधिक तर्कसंगत और तार्किक निष्कर्ष निकाला/ निकाले*** जा सकता/सकते है/हैं?

1. केवल आर्थिक संवृद्धि में ही निर्धनता के खतरे को दूर करने की क्षमता है।
2. स्वास्थ्य और शिक्षा का निर्धनता में कमी के साथ सीधा सह-संबंध है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए:

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1, न ही 2

**परिच्छेद – 2**

हम एक ऐसी दुनिया में रह रहे हैं, जहां आज हम जो इलेक्ट्रॉनिक गैजेट खरीदते हैं, उसे एक वर्ष से भी कम समय में अप्रचलित मान लिया जाता है और उसे अधिक "उन्नत" क्षमताओं से परिपूर्ण दूसरे गैजेट द्वारा प्रतिस्थापित कर दिया जाता है। उदाहरण के लिए, स्मार्टफोन निर्माता प्रत्येक वर्ष नई सुविधाओं वाला एक नया मॉडल जारी करते हैं और कई लोगों के लिए, पूरी तरह से ठीक काम कर रहे अपने स्मार्टफोन को नए मॉडल के साथ नहीं बदलना "आउट ऑफ फैशन" हो जाता है। भारत स्मार्टफोन के लिए पूरी दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ने वाला बाजार है, जहां अकेले वर्ष 2016 की दूसरी तिमाही में 27 मिलियन यूनिट स्मार्टफोन शिप किए गए थे। हालांकि, किसी मोबाइल फोन का जीवनकाल पश्चिम देशों की तुलना में भारत में अधिक है, परंतु इलेक्ट्रॉनिक अपशिष्ट (ई-अपशिष्ट) में योगदान देने वाले "अप्रचलित" फोन की संख्या की कोई कल्पना भी कर सकता है।

72. उपर्युक्त परिच्छेद के आधार पर, निम्नलिखित *पूर्वधारणाएं* बनाई गई हैं:

1. भारतीय, पश्चिमी समकक्षों की तुलना में अपने स्मार्टफोन की अच्छी देखभाल करते हैं।
2. आज की दुनिया में स्मार्टफोन बदलना एक स्टाइल स्टेटमेंट बन गया है।
3. अप्रचलित फोन के चलते उत्पन्न होने वाले लाखों टन ई-अपशिष्ट के प्रबंधन के लिए भारत को पयास पर्यावरणीय नियमों को लागू करना चाहिए।

उपर्युक्त में से कौन-सी *पूर्वधारणा/पूर्वधारणाएं* वैध है/हैं?

(a) केवल 2
(b) केवल 1 और 3
(c) केवल 3
(d) केवल 2 और 3

**परिच्छेद - 3**

भारतीय सिविल सेवाओं का निर्माण अनेकता में एकता के विचार को बढ़ावा देने के लिए किया गया था। सिविल सेवकों से यह अपेक्षा की गई थी कि वे प्रशासन में निरंतरता और परिवर्तन को बनाए रखेंगे भले ही देश का राजनीतिक परिदृश्य कुछ भी हो और भले ही कोई उथल-पुथल ही क्यों न चल रही हो। हालांकि, इस संदर्भ में 'परिवर्तन' का आयाम एक ऐसी चीज है जो भयावह है और उस पर गंभीरता से विचार किए जाने की आवश्यकता है। यह कहा जा सकता है कि समग्र रूप से सिविल सेवा ने अपनी यथास्थिति बनाए रखी है जबकि सामाजिक और आर्थिक परिदृश्य में व्यापक बदलाव हो चुके हैं। कुछ लोग यह तर्क दे सकते हैं कि यह सिविल सेवा में प्रत्यास्थता का परिणाम है, लेकिन सत्यता यह है कि भारतीय सिविल सेवा लोगों या संविधान संस्थापकों की अपेक्षाओं के आधार पर सेवा देने में सक्षम नहीं रही है।

73. उपर्युक्त परिच्छेद के संदर्भ में, निम्नलिखित *पूर्वधारणाएं* बनाई गई हैं:

1. यथास्थिति बनाए रखने के लिए सिविल सेवकों के प्रशिक्षण को नवाचार के साथ प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए।
2. भारतीय सिविल सेवाएं देश की सामाजिक और आर्थिक स्थिति को सुधारने में विफल रही हैं।
3. स्वतंत्रता के दौरान भारतीय सिविल सेवाओं को अनुकूलित करना ही एक बेहतर दृष्टिकोण होता।

उपर्युक्त में से कौन-सी/से *पूर्वधारणा/पूर्वधारणाएं* वैध है/हैं?

(a) केवल 2
(b) उपर्युक्त में से कोई नहीं
(c) केवल 2 और 3
(d) 1, 2 और 3


VISION IAS WWW.UPSCMATERIAL.ONLINE WWW.PDFNOTES.CO

## परिच्छेद – 4

संस्कृति का वैश्वीकरण विभिन्न देशों के सांस्कृतिक मूल्यों के आदान-प्रदान और परंपराओं के अभिसरण में योगदान देता है। सांस्कृतिक वैश्वीकरण दुनिया के विभिन्न देशों के बीच व्यापार और उपभोक्ता संस्कृति के अभिसरण और अंतर्राष्ट्रीय संचार के विकास की पहचान को व्यक्त करता है। एक तरफ, यह पूरी दुनिया में विशिष्ट राष्ट्रीय संस्कृतियों को बढ़ावा देता है। दूसरी तरफ, लोकप्रिय अंतर्राष्ट्रीय सांस्कृतिक परिघटनाएं राष्ट्रीय संस्कृति को विस्थापित कर सकती हैं या उनका अंतर्राष्ट्रीयकरण कर सकती हैं।

**74.** उपर्युक्त परिच्छेद के संदर्भ में, निम्नलिखित *पूर्वधारणाएं* बनाई गई हैं:

1. सांस्कृतिक वैश्वीकरण राष्ट्रीय संस्कृतियों के लिए दोधारी तलवार के रूप में कार्य कर सकता है।
2. सांस्कृतिक वैश्वीकरण के विविध प्रभावों को ध्यान में रखते हुए आदान-प्रदान के माध्यमों पर नियंत्रण रखना महत्वपूर्ण है।

उपर्युक्त में से कौन-सी/से *पूर्वधारणा/पूर्वधारणाएं* वैध है/हैं?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

**75.** एक पासे के तीन दृश्य नीचे दिखाए गए हैं।




ज्ञात कीजिए कि कौन-से प्रतीक आसन्न फलकों पर नहीं हो सकते हैं।

(a) ∅ और #

(b) ω और θ

(c) विकल्प (a) और विकल्प (b) दोनों सही हैं

(d) न तो विकल्प (a), न ही विकल्प (b) सही है

**76.** निम्नलिखित में से कौन-सी उत्तर आकृति किसी पासे की दी गई खुली हुई आकृति के समान *नहीं* है?




(a)




(b)




(c)




(d)




**77.** यदि मोबाइल को चार्जर, चार्जर को प्लग, प्लग को बिजली, बिजली को पानी और पानी को नदी कहा जाए, तो कोई क्या पिएगा?

(a) पानी

(b) बिजली

(c) नदी

(d) मोबाइल

VISION IAS
WWW.UPSCMATERIAL.ONLINE
WWW.PDFNOTES.CO

**78.** Select the term that will come next in the following series.

IIS, OQC, UYM, ?

(a) AGW

(b) AGY

(c) AGV

(d) AGX

**79.** Find the wrong term in the following series.

AMK, DKJ, PFC, GJF

(a) AMK

(b) DKJ

(c) PFC

(d) GJF

**80.** In a slow cycle race, Ashish and Shweta are cycling slower than Rajni. Rajni is cycling slower than Mukesh. Rajesh is cycling slower than only two persons. Who is cycling at the second lowest speed?

(a) Ashish

(b) Shweta

(c) Rajesh

(d) Cannot be determined

**78.** निम्नलिखित श्रृंखला में आगे आने वाले पद का चयन कीजिए।

IIS, OQC, UYM, ?

(a) AGW

(b) AGY

(c) AGV

(d) AGX

**79.** निम्नलिखित श्रृंखला में गलत पद ज्ञात कीजिए।

AMK, DKJ, PFC, GJF

(a) AMK

(b) DKJ

(c) PFC

(d) GJF

**80.** धीमी साइकिल दौड़ में आशीष और श्वेता, रजनी से धीमी साइकिल चला रहे हैं। रजनी, मुकेश से धीमी साइकिल चला रही है। राजेश केवल दो व्यक्तियों की तुलना में धीमी गति से साइकिल चला रहा है। दूसरी सबसे कम गति से साइकिल कौन चला रहा है?

(a) आशीष

(b) श्वेता

(c) राजेश

(d) निर्धारित नहीं किया जा सकता

**Copyright © by Vision IAS**
*All rights are reserved. No part of this document may be reproduced, stored in a retrieval system or transmitted in any form or by any means, electronic, mechanical, photocopying, recording or otherwise, without prior permission of Vision IAS.*



WWW.UPSCMATERIAL.ONLINE
VISION IAS
WWW.PDFNOTES.CO

## ANSWERS & EXPLANATION

## APTITUDE TEST–Test (4022) – 2023

1 (b)

**पूर्वधारणा 1 गलत है।** कथन में कहा गया है कि शिक्षा प्रणाली का विस्तार स्कूल में प्रवेश के स्तर पर बच्चों द्वारा झेली जाने वाली भाषाई, संज्ञानात्मक और सांस्कृतिक असमानताओं को दूर करेगा, लेकिन परिच्छेद में दी गई जानकारी के अनुसार यह दावा सही नहीं है जो परिच्छेद की इन पंक्तियों से स्पष्ट है *"विभिन्न देश शैक्षिक असमानता को दूर करने के लिए नीतियां लागू करते हैं, लेकिन केवल शिक्षा का विस्तार करना पर्याप्त सिद्ध नहीं होता है क्योंकि यह केवल सामाजिक चयन में देरी करता है।"* इसके अतिरिक्त, इन असमानताओं को दूर करने में शिक्षा प्रणाली के विस्तार का कोई प्रत्यक्ष प्रभाव नहीं होता है जैसा कि दिए गए परिच्छेद में चर्चा की गई है। इसलिए, यह मानना कि शिक्षा प्रणाली के विस्तार से कथन में बताई गई असमानताओं को कम करने में मदद मिलेगी, सही नहीं होगा।

**पूर्वधारणा 2 सही है।** यह पूर्वधारणा परिच्छेद की निम्नलिखित पंक्तियों के कारण सही है, *"ऐसे में अधिक गुणात्मक नीतियां आवश्यक प्रतीत होती हैं, जैसे प्रारंभिक असमानताओं को कम करना और वंचित परिवारों पर ध्यान केंद्रित करना। इसके लिए व्यापक सामाजिक नीतियां आवश्यक हैं।"* इससे स्पष्ट होता है कि यदि पारिवारिक असमानताओं सहित प्रारंभिक असमानताओं को सीमित करने पर ध्यान दिया जाता है तो यह संभव है कि शिक्षा में सामाजिक असमानता को दूर किया जा सकता है जो कि शैक्षिक असमानता का कारण है, जैसा कि इन पंक्तियों में उल्लेख है *"शिक्षा में सामाजिक असमानता सार्वभौमिक रूप से उन देशों में देखी जाती है जहां बच्चों का पालन-पोषण असमान परिवारों में होता है।"*

**पूर्वधारणा 3 सही नहीं है।** यह कथन परिच्छेद के दायरे से बाहर है क्योंकि परिच्छेद में छात्रों के भविष्य की आर्थिक समृद्धि पर शैक्षिक असमानता के प्रभाव पर कोई चर्चा नहीं की गई है। इसमें छात्रों की आर्थिक समृद्धि का कोई उल्लेख नहीं है। इस परिच्छेद में 'परिणामों के अलग-अलग स्तर' का उल्लेख किया गया है, लेकिन इसे आर्थिक समृद्धि को दर्शाने वाला नहीं माना जा सकता है। इसलिए, यह एक गलत पूर्वधारणा है।

2 (d)

**विकल्प (a) गलत है।** यह विकल्प सही नहीं है क्योंकि यह असमानता को दूर करने के लिए एक सामान्य दृष्टिकोण को दर्शाता करता है। यह विकल्प परिच्छेद में दी गई जानकारी पर आधारित नहीं है। इसके अतिरिक्त, वाक्यांश "समाप्त करना" और "प्रत्येक प्रकार की सामाजिक असमानता" चरम स्थिति को दर्शाते हैं, इसलिए युक्तियुक्त नहीं हैं। इसलिए यह परिच्छेद का निर्णायक संदेश नहीं है।

**विकल्प (b) गलत है।** यह विकल्प सही नहीं है क्योंकि परिच्छेद में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा में निवेश का उल्लेख नहीं है। इसके बजाय, परिच्छेद में कहा गया है कि प्रारंभिक असमानताओं को सीमित करने और शिक्षा में सामाजिक असमानता को दूर करने के लिए गुणात्मक सामाजिक नीतियां आवश्यक हैं। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा इन गुणात्मक सामाजिक नीतियों का परिणाम हो सकती है लेकिन तब यह एक पूर्वधारणा होगी, न कि परिच्छेद का निर्णायक संदेश। इसलिए यह परिच्छेद का निर्णायक संदेश नहीं है।

 ©Vision IAS

WWW.UPSCMATERIAL.ONLINE
WWW.PDFNOTES.CO

**विकल्प (c) सही नहीं है।** यह विकल्प मुख्यतः स्कूली शिक्षा के लिए गुणवत्ता नीतियों से संबंधित है, जिसका परिच्छेद में उल्लेख नहीं है। स्कूल का एकमात्र संदर्भ इन पंक्तियों में है *"हालांकि, सामाजिक पुनरुत्पादन विभिन्न देशों में भिन्न-भिन्न होता है जो यह दर्शाता है कि स्कूल स्वयं जिस तरह से संगठित हैं वह मायने रखता है।"* यह स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता और प्रारंभिक असमानताओं को दूर करने के लिए उसके प्रभाव से संबंधित नहीं है। इसलिए यह परिच्छेद का निर्णायक संदेश नहीं है।

**विकल्प (d) सही है।** यह विकल्प परिच्छेद के मुख्य भाव को व्यक्त करता है। इन पंक्तियों पर ध्यान दीजिए *"इसके अलावा, वे असमान विकल्पों का चुनाव करते हैं जिसके कारण उनके शैक्षिक एवं सामाजिक पुनरुत्पादन का स्तर भी अलग-अलग होता है।"* और *"विभिन्न देश शैक्षिक असमानता को दूर करने के लिए नीतियां लागू करते हैं, लेकिन केवल शिक्षा का विस्तार करना पर्याप्त सिद्ध नहीं होता है क्योंकि यह केवल सामाजिक चयन में देरी करता है। ऐसे में अधिक गुणात्मक नीतियां आवश्यक प्रतीत होती हैं, जैसे प्रारंभिक असमानताओं को कम करना और वंचित परिवारों पर ध्यान केंद्रित करना। इसके लिए व्यापक सामाजिक नीतियां आवश्यक हैं।"* इन पंक्तियों से स्पष्ट होता है कि प्रारंभिक असमानताओं को सीमित करने के लिए गुणात्मक सामाजिक नीतियों की जरूरत है और वंचित परिवारों पर ध्यान केंद्रित करने से शिक्षा में सामाजिक असमानताओं को दूर करने में मदद मिलेगी।

3 (c)

**पूर्वधारणा 1 गलत है।** इन पंक्तियों पर ध्यान दीजिए *"सोशल नेटवर्क के उपयोगकर्ता अब इनका उपयोग केवल मित्रों के संपर्क में रहने के लिए नहीं करते हैं बल्कि सूचनाओं की खोज के लिए सोशल नेटवर्क को निरंतर सुविधाजनक भी बनाते हैं। उपयोगकर्ता सोशल नेटवर्क पर उपलब्ध सूचनाओं एवं लेखों के आधार पर अपनी राय भी बनाते हैं।"* ये पंक्तियां दर्शाती हैं कि सोशल नेटवर्क सूचना के स्रोत के रूप में कार्य करते हैं। हालांकि, परिच्छेद में यह उल्लेख नहीं किया गया है कि ऐसी सूचनाएं सत्यापित है या नहीं। इसलिए, यह कहना है कि ऐसी सूचनाओं को सत्यापित किया जाना चाहिए, सही नहीं होगा। परिच्छेद में असत्यापित सूचनाओं के नकारात्मक परिणामों की चर्चा नहीं की गई है।

**पूर्वधारणा 2 गलत है।** यह पूर्वधारणा परिच्छेद के दायरे से बाहर है क्योंकि परिच्छेद में मिथ्या खबरों और विश्वसनीय राय बनाने पर इसके प्रभाव का वर्णन नहीं किया गया है। इसलिए यह सही पूर्वधारणा नहीं है।

**पूर्वधारणा 3 सही है।** इन पंक्तियों पर ध्यान दीजिए *"उपयोगकर्ता सोशल नेटवर्क पर उपलब्ध सूचनाओं एवं लेखों के आधार पर अपनी राय भी बनाते हैं। सूचनाओं की खोज करते हुए और अपनी राय बनाने के लिए इसका उपयोग करते हुए उपयोगकर्ता ऑनलाइन सोशल नेटवर्क में सूचनाओं के केवल निष्क्रिय प्राप्तकर्ता नहीं होते हैं बल्कि सक्रिय रूप से अपनी राय भी दे रहे होते हैं।"* ये पंक्तियां दर्शाती हैं कि उपयोगकर्ता सोशल नेटवर्क से न केवल निष्क्रिय रूप से सूचनाओं को प्राप्त कर रहे हैं बल्कि इन सोशल नेटवर्क पर सक्रिय रूप से अपनी राय देकर अपनी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार का भी प्रयोग कर रहे हैं। इसलिए यह सही पूर्वधारणा है।

**प्रश्न संख्या 4 से 6 के लिए स्पष्टीकरण:**

पुस्तक F और C के बीच 2 पुस्तकें रखी गई हैं तथा पुस्तक C और पुस्तक G के बीच केवल 1 पुस्तक रखी गई है। पुस्तक D, पुस्तक F के ठीक नीचे रखी गई है। वर्णानुक्रम में आसन्न अक्षरों वाली कोई भी दो पुस्तकें एक-दूसरे के निकट नहीं रखी गई हैं। इसलिए, इसके 2 संभावित मामले होंगे।

पहले मामले में, पुस्तक F पुस्तक C के ऊपर होगी, जबकि दूसरे मामले में पुस्तक F पुस्तक C के नीचे होगी।


VISION IAS WWW.UPSCMATERIAL.ONLINE WWW.PDFNOTES.CO




पुस्तक B को पुस्तक C के ऊपर रखा गया है किंतु शीर्ष पर नहीं रखा गया है। इसलिए हम दूसरे मामले में पुस्तक B को समायोजित नहीं कर सकते हैं। इस प्रकार दूसरा मामला निरस्त हो जाता है। पहले मामले में, पुस्तक B को शीर्ष से दूसरे स्थान पर रखा जाएगा।

पुस्तक E को शीर्ष या नीचे से दूसरे स्थान पर रखा गया है। इसे शीर्ष से दूसरे स्थान पर नहीं रखा जा सकता है क्योंकि पुस्तक B पहले से ही वहां रखी है। इस प्रकार, पुस्तक E को नीचे से दूसरे स्थान पर रखा जाएगा।

अब, पुस्तकें A और H रखी जानी शेष हैं। पुस्तक A को शीर्ष पर नहीं रखा जा सकता क्योंकि पुस्तकें A और B आसन्न होंगी। इसलिए पुस्तक A को पुस्तक D और C के बीच रखा जाएगा और पुस्तक H शीर्ष स्थान पर रखी होगी।

अंतिम व्यवस्था इस प्रकार होगी:




**4 (d)**

पुस्तक A और पुस्तक C के मध्य कोई भी पुस्तक नहीं रखी गई है।

**5 (d)**

पुस्तक A नीचे से चौथे स्थान पर रखी गई है।

**6 (d)**

कथन, 'पुस्तक C, पुस्तक A और पुस्तक H के बीच रखी गई है' यह व्यवस्था सही नहीं है।

**इसलिए विकल्प (d) सही उत्तर है।**



VISION IAS
WWW.UPSCMATERIAL.ONLINE
WWW.PDFNOTES.CO

**7 (c)**

दी गई आकृति से यह स्पष्ट है कि काले रंग वाली फलक की निकटवर्ती फलकों पर गुलाबी, लाल, सफेद और हरा रंग हैं। अतः हम यह निष्कर्ष निकाल सकते हैं कि काले रंग वाली फलक के विपरीत फलक पर नारंगी रंग होना चाहिए।

**इसलिए विकल्प (c) सही उत्तर है।**

**8 (a)**

दी गई श्रेणी है:

32768, 4104, 1024, 517

उपर्युक्त श्रेणी निम्नलिखित प्रतिरूप का अनुसरण करती है:

32768/8 + 8 = 4096 + 8 = 4104

4104/4 + 4 = 1026 + 4 = 1030 ≠ **1024** (श्रेणी में संख्या 1024 दी गई है)

1030/2 + 2 = 515 + 2 = 517

**इसलिए विकल्प (a) सही उत्तर है।**

**9 (c)**

दी गई श्रेणी है:

208, 2052, 928, 3172, 2448, ?

उपर्युक्त श्रेणी निम्नलिखित प्रतिरूप का अनुसरण करती है:

208 → $(8)^2 + (12)^2$

2052 → $(18)^2 + (12)^3$

928 → $(28)^2 + (12)^2$

3172 → $(38)^2 + (12)^3$

2448 → $(48)^2 + (12)^2$

अतः अगला पद होगा = $(58)^2 + (12)^3$ = 5092

**इसलिए विकल्प (c) सही उत्तर है।**

**10 (a)**

दिया गया कूट है-

CSAT → 0324190801262007

आइए देखते हैं कि यहां किस पैटर्न का अनुसरण किया जा रहा है।




{यहाँ R का अर्थ वर्णमाला के विपरीत क्रम से है}

**इसलिए विकल्प (a) सही उत्तर है।**

VISION IAS
PCSMATERIAL.ONLINE
WWW.PDFNOTES.CO

11 (a)

**पूर्वधारणा 1 सही है।** परिच्छेद में दी गई जानकारी के आधार पर यह मानना सही है कि केवल अनुभव ही किसी व्यक्ति के प्रदर्शन या आत्म-ज्ञान को मापने में सहायता नहीं करता है। अकेले अनुभव के आधार पर किसी व्यक्ति के निरंतर प्रदर्शन और आत्म-ज्ञान के स्तर का आकलन करना कई बार गलत हो सकता है। परिच्छेद की इन पंक्तियों पर ध्यान दीजिए, *"जिस प्रकार अनुभव हमारे प्रदर्शन के बारे में आत्मविश्वास की झूठी भावना पैदा कर सकता है, उसी प्रकार यह हमें अपने आत्म-ज्ञान के स्तर के बारे में अति-आत्मविश्वासी भी बना सकता है।"* ये पंक्तियां दर्शाती हैं कि अनुभव हमारे भीतर आत्मविश्वास की झूठी भावना पैदा कर सकता है और हमें हमारे आत्म-ज्ञान के स्तर के बारे में अति-आत्मविश्वासी बना सकता है। इसलिए यह पूर्वधारणा सही है।

**पूर्वधारणा 2 सही नहीं है।** परिच्छेद की इन पंक्तियों पर ध्यान दीजिए, *"सामान्य धारणा के विपरीत, अध्ययनों से ज्ञात हुआ है कि लोग अनुभव से हमेशा नहीं सीखते हैं, विशेषज्ञता लोगों को मिथ्या जानकारी को नष्ट करने में मदद नहीं करती है और खुद को अत्यधिक अनुभवी समझना हमें अपना होमवर्क करने, सबूतों की पुष्टि करने एवं अपनी धारणाओं पर सवाल उठाने से रोक सकता है।"* ये पंक्तियां दर्शाती हैं कि विशेषज्ञता भी मिथ्या जानकारी को नष्ट करने में हमेशा सहायता नहीं करती है। इसके अतिरिक्त, परिच्छेद में आत्म-ज्ञान में वृद्धि और बेहतर प्रदर्शन के बीच संबंध का उल्लेख नहीं है। यह जानकारी कहीं नहीं दी गई है कि खराब आत्म-ज्ञान खराब प्रदर्शन का कारण होता है। इसलिए यह पूर्वधारणा सही नहीं है।

12 (a)

**पूर्वधारणा 1 सही है।** इस परिच्छेद में उल्लेख है कि, *"सड़क पर या पार्क जैसी जगहों पर बच्चों का खेलते हुए देखा जाना पहले से ही दुर्लभ हो गया था क्योंकि यौन अपराध अधिक सामान्य हो गए थे। जैसे-जैसे बच्चे सार्वजनिक दृष्टि से दूर होते गए, वे तथाकथित सोशल मीडिया के माध्यम से उत्पीड़न के अधीन होते गए।"* ये पंक्तियां दर्शाती हैं कि सार्वजनिक परिदृष्टि में अर्थात सार्वजनिक स्थलों, जैसे पार्क और सड़कों पर बच्चे यौन अपराधों के प्रति अत्यधिक सुभेद्य होते हैं। इसलिए यह पूर्वधारणा सही है।

**पूर्वधारणा 2 सही नहीं है।** परिच्छेद में उल्लेख है कि, *"सड़क पर या पार्क जैसी जगहों पर बच्चों का खेलते हुए देखा जाना पहले से ही दुर्लभ हो गया था क्योंकि यौन अपराध अधिक सामान्य हो गए थे। जैसे-जैसे बच्चे सार्वजनिक दृष्टि से दूर होते गए, वे तथाकथित सोशल मीडिया के माध्यम से उत्पीड़न के अधीन होते गए।"* परिच्छेद में यह कहीं भी उल्लेख नहीं है कि यौन अपराधों का स्थानांतरण सोशल मीडिया पर हो गया है। साथ ही, यह भी उल्लेख नहीं है कि सार्वजनिक स्थलों पर यौन अपराधों में कमी आई है। इसलिए यह पूर्वधारणा सही नहीं है।

13 (a)

**पूर्वधारणा 1 सही है।** परिच्छेद में उल्लेख है कि, *"उनका हिंसक वीडियो, अश्लील साहित्य और आतंकित करने वाले संदेशों के संपर्क में आना सामान्य हो गया है।"* यह पंक्ति दर्शाती है कि बच्चों की ऐसी सामग्री तक पहुंच काफी आसान हो गई है।

**पूर्वधारणा 2 सही नहीं है।** परिच्छेद में उल्लेख है कि, *"तकनीकी दिग्गज कंपनियां अपने कंटेंट मॉडरेशन कार्य के हिस्से के रूप में ऐसी लाखों सामग्रियों को हटा देती हैं। यह एक अजीब कार्यपद्धति है क्योंकि यही कंपनियां बच्चों को डिजिटल गतिविधियों में भाग लेने के लिए सक्रिय रूप से प्रोत्साहित करती हैं।"* यह दर्शाता है कि बच्चों को डिजिटल गतिविधियों में भाग लेने हेतु प्रोत्साहित करने के लिए टेक कंपनियां जिम्मेदार हैं, किंतु इसमें यह उल्लेख नहीं है कि वे ऑनलाइन यौन अपराधों में वृद्धि के लिए जिम्मेदार हैं। परिच्छेद में दी गई सीमित जानकारी के अनुसार ऑनलाइन यौन अपराधों में वृद्धि के लिए टेक कंपनियों को प्रत्यक्ष रूप से जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है, क्योंकि वे सामान्य रूप से मात्र डिजिटल संचार के लिए एक मंच प्रदान करती हैं।


VISION IAS WWW.UPSCMATERIAL.ONLINE WWW.PDFNOTES.CO

**14 (b)**

दिया गया कूट:

POWER → WEMZX




इसी प्रकार,




इसलिए, शब्द 'STABLE' '**BIJTMA**' के रूप में कूटबद्ध किया जाएगा।

**इसलिए विकल्प (b) सही उत्तर है।**

**15 (d)**

यहां स्पष्ट तौर पर उल्लेख है कि रोहित, अनिमेष के विपरीत है। साथ ही सीता, राम और ओम के बीच में है, जिसका अर्थ है कि राम और ओम एक दूसरे के विपरीत फलकों पर होने चाहिए।

अब हमारे पास केवल कविता और सीता बचे हैं। इसलिए, वे एक दूसरे के आमने-सामने के फलकों पर होंगे।

राम⟷ ओम

रोहित ⟷अनिमेष

कविता⟷ सीता

**इसलिए विकल्प (d) सही उत्तर है।**

**16 (c)**

दूसरे और तीसरे पासे को देखने से हमें पता चलता है कि दोनों पासों में θ उभयनिष्ठ है और एक ही स्थान पर है। इसलिए θ, Φ के विपरीत होगा, *, α के विपरीत है और ५ ,# के विपरीत है।

विकल्पों में दिए गए चित्रों को देखकर हम यह निष्कर्ष निकाल सकते हैं कि विकल्प (c) में, θ, Φ के विपरीत नहीं है, बल्कि Φ के सन्निकट दर्शाया गया है। इसलिए, हम कह सकते हैं कि विकल्प (c) मूल घन की पुष्टि नहीं करता है। अतः इसे हम अपने उत्तर के रूप में चिह्नित कर सकते हैं।

**इसलिए विकल्प (c) सही उत्तर है।**

**प्रश्न 17 और 18 के लिए स्पष्टीकरण:**

श्री अनुराग अर्थशास्त्र के विभागाध्यक्ष (HOD) हैं, इसलिए उनका ड्रेस कोड सिक्का रहा होगा। श्री दर्पण को टेस्ट ट्यूब के रूप में तैयार किया गया था, जिसका अर्थ है कि वह रसायन विज्ञान के विभागाध्यक्ष (HOD) होंगे। श्रीमती चांदनी रॉय भौतिकी की विभागाध्यक्षा (HOD) हैं, अर्थात उनका ड्रेस कोड तार रहा होगा।

VISION IAS
WWW.UPSCMATERIAL.ONLINE
WWW.PDFNOTES.CO

| विभागाध्यक्ष (HOD) | विषय | ड्रेस कोड |
|---|---|---|
| श्री अनुराग | अर्थशास्त्र | सिक्का |
| श्री दर्पण | रसायन विज्ञान | टेस्ट ट्यूब |
| श्रीमती चांदनी रॉय | भौतिकी | तार |
| | | |
| | | |

न तो श्रीमती विमला और न ही श्रीमती चांदनी रॉय अबेकस के रूप में तैयार हुई थीं। कोई भी पुरुष भूगोल का विभागाध्यक्ष नहीं है। इसलिए, श्री इस्माइल का ड्रेस कोड अबेकस रहा होगा तथा उन्हें गणित का विभागाध्यक्ष होना चाहिए। श्रीमती विमला भूगोल की विभागाध्यक्षा रही होंगी और उनका ड्रेस कोड एक ग्लोब रहा होगा।

इसलिए अंतिम व्यवस्था इस प्रकार होगी:

| विभागाध्यक्ष (HOD) | विषय | ड्रेस कोड |
|---|---|---|
| श्री अनुराग | अर्थशास्त्र | सिक्के |
| श्री दर्पण | रसायन विज्ञान | टेस्ट ट्यूब |
| श्रीमती चांदनी रॉय | भौतिकी | तार |
| श्रीमती विमला | भूगोल | ग्लोब |
| श्री इस्माइल | गणित | अबेकस |

**17 (b)**

श्रीमती विमला ग्लोब के रूप में तैयार हुई थीं।

**18 (a)**

श्री इस्माइल का विभाग गणित था।

**19 (d)**

दी गयी श्रृंखला:

315, 535, 726, 890, ?, 1145

उपर्युक्त श्रृंखला निम्नलिखित पैटर्न का अनुसरण करती है:

315→ पहला पद

$315 + [(15)^2 – 5] \rightarrow 535$

$535 + [(14)^2 – 5] \rightarrow 726$

$726 + [(13)^2 – 5] \rightarrow 890$

$? = 890 + [(12)^2 – 5] \rightarrow$ **1029 (अभीष्ट पद)**

$1029 + [(11)^2 – 5] \rightarrow 1145$

अतः लुप्त पद 1029 है।

**इसलिए विकल्प (d) सही है।**



VISION IAS WWW.UPSCMATERIAL.ONLINE WWW.PDFNOTES.CO

20 (b)

दी गयी श्रृंखला:

MRIC, OLNR, QNOW, SLRT

यहां अनुसरण किया गया प्रतिरूप निम्नलिखित है:




इसलिए, OLNR गलत पद है।

**इसलिए विकल्प (b) सही है।**

21 (c)

**पूर्वधारणा 1 सही नहीं है:** कथन में दी गयी पूर्वधारणा सही नहीं है क्योंकि परिच्छेद चुनावों के राज्य द्वारा वित्तपोषण और चुनावी भ्रष्टाचार के मुद्दे का समाधान करने की इसकी क्षमता के संदर्भ में कोई उल्लेख नहीं करता है। इसलिए, यह पूर्वधारणा परिच्छेद के दायरे से बाहर है।

**पूर्वधारणा 2 सही है:** दी गई पूर्वधारणा परिच्छेद से निम्नलिखित पंक्तियों के कारण सही है "*प्रभावी संरक्षण के बिना चुनाव, प्रणालीगत भ्रष्टाचार के चक्र में एक केंद्रीय घटक हो सकते हैं। यह तेजी से सत्य सिद्ध हो रहा है क्योंकि यहाँ तक कि निरंकुश नेता भी अपने शासन हेतु किसी प्रकार की वैधता के लिए चुनावों का उपयोग करते हैं।*"केवल चुनाव कराने से यह गारंटी नहीं मिलती है कि लोकतंत्र सही मायने में मौजूद है क्योंकि इन चुनावों में निरंकुश नेताओं द्वारा धन का उपयोग करके या मतदाताओं को मजबूर करके हेरफेर किया जा सकता है।

**पूर्वधारणा 3 सही नहीं है:** निम्नलिखित पंक्तियों के कारण यह कथन सही नहीं है "*राजनीतिक भ्रष्टाचार की जड़ों से निपटने और निरंकुशता को कम करने के लिए, लोकतांत्रिक अभिकर्ताओं को प्रभाव प्रसार (Peddling) से लेकर राज्य पर अभिग्रहण करने तक अपारदर्शी एवं अवैध राजनीतिक वित्तपोषण और व्यय का सामना करना होगा।*" ये पंक्तियाँ राजनीतिक भ्रष्टाचार के मुद्दे से निपटने के लिए एक सुव्यवस्थित तंत्र प्रस्तुत करती हैं। इसलिए, दी गई पूर्वधारणा, जिसमें यह उल्लेख है कि लोकतंत्र के साथ भी राजनीतिक भ्रष्टाचार से निपटना संभव नहीं है, सही नहीं है।

22 (d)

**विकल्प (a) सही नहीं है:** यह विकल्प सही नहीं है क्योंकि पंक्ति "*कुछ लोगों ने अवैध चुनावी वित्तपोषण को भ्रष्टाचार का "मूल अपराध" कहा है क्योंकि इससे सार्वजनिक और निजी क्षेत्रकों के बीच भ्रष्ट लिंक का निर्माण होता है और साथ ही यह इसके लिए बाध्य करता है।*", वैधता के लिए चुनाव का उपयोग करने वाले एक निरंकुश नेता के मुद्दे से संबंधित नहीं है। इसलिए, यह अभीष्ट अर्थ नहीं है। यह पंक्ति सार्वजनिक और निजी क्षेत्रक के बीच लिंकेज के बारे में बात करती है जो अंततः भ्रष्टाचार को बढ़ावा देता है।

**विकल्प (b) सही नहीं है।** यह विकल्प सही नहीं है क्योंकि यह परिच्छेद के दायरे से बाहर है और परिच्छेद में इसे कहीं भी शामिल नहीं किया गया है। परिच्छेद में कहीं भी राजनीतिक वित्तपोषण की निगरानी के लिए तंत्र की चर्चा नहीं की गई है।


VISION IAS WWW.UPSCMATERIAL.ONLINE WWW.PDFNOTES.CO

**विकल्प (c) सही नहीं है।** दिया गया विकल्प भ्रमित करने वाला हो सकता है। हालांकि, पंक्ति "*कुछ लोगों ने अवैध चुनावी वित्तपोषण को भ्रष्टाचार का "मूल अपराध" कहा है क्योंकि इससे सार्वजनिक और निजी क्षेत्रकों के बीच भ्रष्ट लिंक का निर्माण होता है और साथ ही यह इसके लिए बाध्य करता है।*", इसका निहितार्थ यह नहीं है कि चुनाव की अवधारणा की शुरुआत के बाद से ही अवैध धन मौजूद था। इसमें केवल इतना कहा गया है कि चुनावों में अवैध वित्तपोषण के परिणामस्वरूप सार्वजनिक और निजी क्षेत्रकों के बीच एक गठजोड़ बनता है।

**विकल्प (d) सही है।** यह विकल्प "मूल अपराध" शब्दावली के सही अर्थ की व्याख्या करता है। पंक्ति "*कुछ लोगों ने अवैध चुनावी वित्तपोषण को भ्रष्टाचार का "मूल अपराध" कहा है क्योंकि इससे सार्वजनिक और निजी क्षेत्रकों के बीच भ्रष्ट लिंक का निर्माण होता है और साथ ही यह इसके लिए बाध्य करता है।*", दिए गए विकल्प में बताए गए अर्थ के अनुरूप है। जिसमें यह उल्लिखित है कि निजी क्षेत्रक के द्वारा चुनावों का अवैध वित्तपोषण राजनीतिक भ्रष्टाचार का मूल कारण है।

23 (c)

**पूर्वधारणा 1 सही है।** परिच्छेद में निम्नलिखित पंक्तियों के कारण यह पूर्वधारणा सही है ***"मानवाधिकार सिद्धांत सुशासन प्रयासों के मूल को प्रेरित करते हैं:*** वे विधायी ढांचे, नीतियों, कार्यक्रमों, बजटीय आवंटन और अन्य उपायों के विकास को प्रेरित कर सकते हैं। दूसरी ओर, ***सुशासन के बिना मानवाधिकारों का सम्मान और संरक्षण स्थायी रूप से नहीं किया जा सकता है।"*** इन पंक्तियों से पता चलता है कि मानवाधिकार और सुशासन साथ-साथ चलते हैं।

**पूर्वधारणा 2 सही है।** पंक्तियां *"मानवाधिकारों का कार्यान्वयन एक सहायक और सक्षम परिवेश पर निर्भर करता है। इसमें जनसंख्या के अधिकारों और आवश्यकताओं का प्रत्युत्तर देने के लिए उत्तरदायी उपयुक्त कानूनी ढांचे और संस्थानों के साथ-साथ राजनीतिक, प्रबंधकीय और प्रशासनिक प्रक्रियाएं शामिल हैं।"* सुझाव देती हैं कि मानवाधिकारों के कार्यान्वयन और जनसंख्या की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए एक उचित ढांचे, संस्थान और प्रक्रिया (सहायक और समर्थकारी परिवेश) का होना महत्वपूर्ण है। इसलिए यह पूर्वधारणा सही है।

24 (c)

दी गई श्रृंखला:

247, 416, 705, 1066, 1595, ?

दी गई श्रृंखला में अनुसरण किया जा रहा पैटर्न इस प्रकार है:

$416 – 247 = 169 = 13^2$

$705 – 416 = 289 = 17^2$

$1066 – 705 = 361 = 19^2$

$1595 – 1066 = 529 = 23^2$

अगला पद = $1595 + 29^2 = 1595 + 841 =$ **2436**

अत: अभीष्ट लुप्त संख्या 2436 है।

**इसलिए, विकल्प (c) सही है।**



VISION IAS WWW.UPSCMATERIAL.ONLINE WWW.PDFNOTES.CO

**25 (c)**

दिया गया कूट:

BEAUTIFUL → 97

अक्षर की वर्णानुक्रमिक स्थिति इस प्रकार है;

| B | E | A | U | T | I | F | U | L |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 5 | 1 | 21 | 20 | 9 | 6 | 21 | 12 |

इन संख्याओं का योग = 2 + 5 + 1 + 21 + 20 + 9 + 6 + 21 + 12 = 97

इसलिए, शब्द 'BEAUTIFUL' को '97' के रूप में कूटबद्ध किया जाएगा।

'WONDERFUL' पर यही अवधारणा लागू करने पर

| W | O | N | D | E | R | F | U | L |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 23 | 15 | 14 | 4 | 5 | 18 | 6 | 21 | 12 |

अत: इन संख्याओं का योग = 23 + 15 + 14 + 4 + 5 + 18 + 6 + 21 + 12 = 118

इस प्रकार, शब्द 'WONDERFUL' को '118' के रूप में कूटबद्ध किया जाएगा।

**इसलिए विकल्प (c) सही है।**

**26 (a)**

प्रश्न के अनुसार,

$n^3 = 64$

अथवा n = 4

आंतरिक घनों की संख्या जिनका कोई फलक रंगा हुआ नहीं है = $(n – 2)^3 = (4 – 2)^3 = 8$

लेकिन, बिना रंगी हुई सतह पर बीच के चार घनों का भी कोई फलक रंगा हुआ नहीं होगा।

इसलिए, ऐसे घन जिनका कोई भी फलक रंगा हुआ नहीं हैं = 8 + 4 = 12

∴ कम-से-कम एक फलक रंगे हुए घनों की संख्या = घनों की कुल संख्या - बिना रंगे हुए फलक वाले घनों की संख्या = 64 – 12 = 52

**27 (a)**

प्रश्नानुसार,

$n^3 = 343$

या n = 7

छोटे घनों की संख्या जिनका कोई फलक रंगा नहीं है = $(n – 2)^3 = (7 – 2)^3 = (5)^3 = 125$

**इसलिए विकल्प (a) सही है।**

**28 (d)**

आइए हम पासे (a) और (c) को देखते हैं, जहां Q और R उभयनिष्ठ हैं। इस प्रकार, दो पासों के गैर-उभयनिष्ठ फलक, अर्थात् P और S एक दूसरे के विपरीत होने चाहिए।

**इसलिए विकल्प (d) सही है।**

VISION IAS
WWW.UPSCMATERIAL.ONLINE
WWW.PDFNOTES.CO

**प्रश्न 29 से 31 के लिए स्पष्टीकरण:**

P लाल रंग की शर्ट पहनता है और शिक्षक के रूप में कार्य करता है। नारंगी रंग की शर्ट पहनने वाला व्यक्ति दर्जी के रूप में और गुलाबी रंग की शर्ट पहनने वाला व्यक्ति बढ़ई के रूप में कार्य करता है। T चौकीदार के रूप में कार्य करता है, जबकि R एक बढ़ई के रूप में कार्य करता है।

| **व्यवसाय** | **व्यक्ति** | **शर्ट का रंग** |
|---|---|---|
| शिक्षक | P | लाल |
| दर्जी | | नारंगी |
| बढ़ई | R | गुलाबी |
| चौकीदार | T | |
| पुलिस | | |
| प्लंबर | | |

चूंकि, U प्लंबर या पुलिस के रूप में कार्य नहीं करता है, अतः वह एक दर्जी के रूप में कार्य करेगा।

S पुलिस के रूप में कार्य नहीं करता है, इसलिए S को प्लंबर होना चाहिए। अतः, Q पुलिस वाला होगा।

| **व्यवसाय** | **व्यक्ति** | **शर्ट का रंग** |
|---|---|---|
| शिक्षक | P | लाल |
| दर्जी | U | नारंगी |
| बढ़ई | R | गुलाबी |
| चौकीदार | T | |
| पुलिस | Q | |
| प्लंबर | S | |

वह व्यक्ति जो पुलिस के रूप में कार्य करता है भूरे या काले रंग की शर्ट नहीं पहनता है। इसलिए, पुलिस के रूप में कार्य करने वाला व्यक्ति ग्रे शर्ट पहनेगा।

प्लंबर भूरे रंग की शर्ट नहीं पहनता है। अतः, हम यह निष्कर्ष निकाल सकते हैं कि चौकीदार भूरे रंग की शर्ट और प्लंबर, काले रंग की शर्ट पहनेगा।

इसलिए, अंतिम व्यवस्था इस प्रकार होगी:

| **व्यवसाय** | **व्यक्ति** | **शर्ट का रंग** |
|---|---|---|
| शिक्षक | P | लाल |
| दर्जी | U | नारंगी |
| बढ़ई | R | गुलाबी |
| चौकीदार | T | भूरा |
| पुलिस | Q | ग्रे |
| प्लंबर | S | काला |

29 (d)

प्लंबर – काला – S सही सुमेलित है।



VISION IAS
WWW.UPSCMATERIAL.ONLINE
WWW.PDFNOTES.CO

30 (b)

चौकीदार भूरे रंग की शर्ट पहनता है।

31 (c)

पुलिस ग्रे रंग की शर्ट पहनती है।

32 (d)

**कथन 1 सही है।** परिच्छेद में उल्लेख है कि, *"भारत में नीति निर्माताओं ने, निम्न-आय वाले परिवारों को, उनके द्वारा चयनित वस्तुओं और सेवाओं के उपभोग को बढ़ाने में सहायता प्रदान करने ....के लिए बजटीय संसाधनों का इस्तेमाल किया है।"* और *"पहली श्रेणी में खाद्यान्न तथा स्वास्थ्य एवं शिक्षा जैसी सेवाओं के निःशुल्क या सब्सिडी युक्त प्रावधान शामिल होंगे। "* इसका तात्पर्य है कि प्रथम श्रेणी को समर्थन देने का उद्देश्य गरीबों की स्थिति में सुधार करना है, गरीबों को उनकी गरीबी से बाहर निकालना और समग्र सामाजिक-आर्थिक विकास में सुधार करना है।

**कथन 2 सही है।** परिच्छेद में उल्लेख है, *"निवेशकों और उत्पादकों की चयनित श्रेणियों के समर्थन हेतु प्रोत्साहन प्रदान करने के लिए बजटीय संसाधनों का इस्तेमाल किया है।"* और *"दूसरी श्रेणी के उदाहरणों में केंद्र सरकार की विभिन्न क्षेत्रकों के लिए उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहनों से संबंधित हालिया पहल और कर रियायतें शामिल है। अतीत में, सामान्य रूप से या पिछड़े क्षेत्रों जैसे कुछ प्रदेशों में निवेश को बढ़ावा देने के लिए, कॉर्पोरेट करों में कमी के रूप में प्रोत्साहनों की पेशकश की गई है।"* इसका तात्पर्य यह है कि इस प्रकार के समर्थन का उद्देश्य निवेशकों को प्रोत्साहित करके देश में निवेश को बढ़ावा देना है।

**कथन 3 सही नहीं है।** इस परिच्छेद में कहीं भी राजनेताओं और उद्योगपतियों के बीच किसी प्रकार के सांठ-गांठ(क्रोनी कैपिटलिज्म) का उल्लेख नहीं है। यह एक तार्किक संभावना हो सकती है, लेकिन यह परिच्छेद के दायरे से बाहर है और इसलिए सही नहीं है।

33 (b)

**कथन 1 सही नहीं है।** परिच्छेद में उल्लेख है, *"उन्होंने वर्षों से यही सीखा ही है कि व्यवस्था, प्रतिस्पर्धा को प्रोत्साहित करती है और अनुरूपता एवं अनुपालन को पुरस्कृत करती है।"* इसका तात्पर्य यह है कि रोजगार खोज रहे युवा यह मानते हैं कि कार्य करने की व्यवस्था, प्रतिस्पर्धा को प्रोत्साहित करती है, लेकिन परिच्छेद में कहीं भी यह इसका उल्लेख नहीं किया गया है कि नियोक्ता, कर्मचारियों के बीच प्रतिस्पर्धा के प्रति उत्साह की तलाश कर रहे हैं।

**कथन 2 सही है।** परिच्छेद में उल्लेख है, *"नियोक्ताओं का कहना है कि उन्हें ऐसे युवा वयस्कों की आवश्यकता है जो नए कार्यों और चुनौतियों को स्वीकार कर सकें, नवाचारी एवं सहयोगी हों तथा उत्पादों और प्रक्रियाओं के नए तरीकों का सुझाव दे सकें।"* वर्तमान उत्पादों और प्रक्रियाओं की समस्याओं और सीमाओं को सुधारने के लिए नए उत्पादों और प्रक्रियाओं संबंधी नवीन विचारों की आवश्यकता उत्पन्न होती है। इसलिए, अंततः नियोक्ता अपने संभावित कर्मचारियों में समस्या-समाधान क्षमता की तलाश करते हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि, ये समस्याएं नए कार्यों और चुनौतियों में निहित होती है।

**कथन 3 सही नहीं है।** परिच्छेद में कहीं भी इसका उल्लेख नहीं किया गया है कि नियोक्ता अपने कर्मचारियों से समय प्रबंधन के लक्षण चाहते हैं, इसलिए यह परिच्छेद के दायरे से बाहर है।

**कथन 4 सही है।** परिच्छेद में उल्लेख है कि, *"नियोक्ताओं का कहना है कि उन्हें ऐसे युवा वयस्कों की आवश्यकता है जो नए कार्यों और चुनौतियों को स्वीकार कर सकें, नवाचारी एवं सहयोगी हों तथा उत्पादों और प्रक्रियाओं के नए तरीकों का सुझाव दे सकें।"* नए विचारों से परिपूर्ण व्यक्ति तथा समस्याओं का समाधान खोजने या नई-नई चीजों का आविष्कार करने में चतुर व्यक्ति ही प्रवीण या प्रतिभावान व्यक्ति होता है।


VISION IAS WWW.UPSCMATERIAL.ONLINE WWW.PDFNOTES.CO

**34 (a)**




"?" के स्थान पर 92 आएगा।

**इसलिए विकल्प (a) सही उत्तर है।**

**35 (d)**

दी गई श्रृंखला है: L F 3 # R N 8 A @ Y 4 M © W P 6 H U 9 I K 2 E

यदि सभी संख्याओं को हटा दिया जाता है, तो उनका अनुक्रम कुछ इस प्रकार होगा:

L F # R N A @ Y M © W P H U I K E

बाएं छोर से चौदहवां अक्षर/चिह्न "U" होगा।

**36 (a)**

दी गई श्रृंखला है: 5C, 14F, 29I, 50L, ?, 110R, 149U

उपरोक्त श्रृंखला से यह स्पष्ट है कि प्रत्येक अवयव एक अक्षर और एक संख्या का संयोजन है।

अक्षरों का पैटर्न:

श्रृंखला का प्रत्येक अगला अक्षर, अंग्रेजी वर्णमाला के पिछले अक्षर से तीन स्थान आगे का है।

C + 3 = F; F + 3 = I; I + 3 = L; L + 3 = O; O + 3 = R; R + 3 = U

अतः अपेक्षित अक्षर O होगा।

संख्याओं का पैटर्न:




आवश्यक संख्या 77 है।

अत: लुप्त अवयव 77O होगा।

**इसलिए विकल्प (a) सही उत्तर है।**

VISION IAS
WWW.UPSCMATERIAL.ONLINE
WWW.PDFNOTES.CO

 ©Vision IAS

37 (a)

एक भी संख्या नहीं

**इसलिए विकल्प (a) सही उत्तर है।**

**प्रश्न 38 से 41 के लिए स्पष्टीकरण:**

V लोक प्रशासन का अध्ययन करता है। S मुंबई में रहता है। R पटना में रहता है और राजनीति विज्ञान का अध्ययन करता है। W चंडीगढ़ में रहता है। वह व्यक्ति जो गणित का अध्ययन करता है, पुणे में रहता है। Q समाजशास्त्र का अध्ययन करता है।

न तो T और न ही V कृषि विज्ञान का अध्ययन करता है, और कृषि विज्ञान का अध्ययन करने वाला छात्र लखनऊ में रहता है। तो, यह स्पष्ट है कि P लखनऊ में रहता है और कृषि विज्ञान का अध्ययन करता है।

| **छात्र** | **विषय** | **शहर** |
|---|---|---|
| V | लोक प्रशासन | |
| S | | मुंबई |
| R | राजनीति विज्ञान | पटना |
| W | | चंडीगढ़ |
| | गणित | पुणे |
| Q | समाजशास्त्र | |
| P | कृषि विज्ञान | लखनऊ |
| T | | |

Q न तो दिल्ली में और न ही चेन्नई में रहता है। तो, हम कह सकते हैं कि वह कानपुर में रहता है। V और T या तो दिल्ली में रहने चाहिए या चेन्नई में रहने चाहिए।

| **छात्र** | **विषय** | **शहर** |
|---|---|---|
| V | लोक प्रशासन | दिल्ली/चेन्नई |
| S | | मुंबई |
| R | राजनीति विज्ञान | पटना |
| W | | चंडीगढ़ |
| U | गणित | पुणे |
| Q | समाजशास्त्र | कानपुर |
| P | कृषि विज्ञान | लखनऊ |
| T | | दिल्ली/चेन्नई |


VISION IAS WWW.UPSCMATERIAL.ONLINE WWW.PDFNOTES.CO

S भौतिकी का छात्र नहीं है। साथ ही, जो छात्र भौतिकी का अध्ययन करता है वह न तो दिल्ली में रहता है और न ही चेन्नई में रहता है।

तो, यह स्पष्ट है कि W भौतिकी का छात्र है। शेष विषय चिकित्सा और इतिहास का अध्ययन या तो S या T द्वारा किया जाएगा।

इसलिए, अंतिम व्यवस्था होगी:

| **छात्र** | **विषय** | **शहर** |
|---|---|---|
| V | लोक प्रशासन | दिल्ली/चेन्नई |
| S | चिकित्सा/इतिहास | मुंबई |
| R | राजनीति विज्ञान | पटना |
| W | भौतिकी | चंडीगढ़ |
| U | गणित | पुणे |
| Q | समाजशास्त्र | कानपुर |
| P | कृषि विज्ञान | लखनऊ |
| T | चिकित्सा/इतिहास | दिल्ली/चेन्नई |

**38 (d)**

दी गई जानकारी से, हम यह पता नहीं लगा सकते हैं कि दिल्ली में कौन रहता है। इस प्रकार, यह निर्धारित नहीं किया जा सकता है।

**इसलिए विकल्प (d) सही उत्तर है।**

**39 (d)**

वह छात्र जो लोक प्रशासन का अध्ययन करता है, दिल्ली में रहता है। इस प्रकार, जो छात्र लोक प्रशासन का अध्ययन करता है वह V है और दिल्ली में रहता है। T छात्र जो चिकित्सा/इतिहास का अध्ययन करता है, वह चेन्नई में रहता है। दी गई जानकारी से हम निश्चित रूप से कह सकते हैं कि T कृषि विज्ञान का अध्ययन नहीं करता है।

**इसलिए विकल्प (d) निश्चित रूप से असत्य है।**

**40 (d)**

T → इतिहास →चंडीगढ़ संभव नहीं है।

**41 (b)**

Q कानपुर में रहता है।

**इसलिए विकल्प (b) सही उत्तर है।**

VISION IAS
WWW.UPSCMATERIAL.ONLINE
WWW.PDFNOTES.CO

42 (a)

**विकल्प (a) सही है।** परिच्छेद में उल्लेख किया गया है, *"हालांकि, 1960 के दशक में हरित क्रांति की शुरुआत के बाद से पारंपरिक प्रथाओं के माध्यम से की जाने वाली निरंतर सिंचाई ने भौमजल की गुणवत्ता एवं स्तर, जल का जमाव, मृदा की लवणता, मृदा स्वास्थ्य, फसल उत्पादकता, आंशिक कारक उत्पादकता और कृषि पद्धतियों की लागत संबंधी मितव्ययताओं पर अपने बहुआयामी दुष्प्रभाव दिखाने शुरू कर दिए हैं। इसलिए सूक्ष्म-सिंचाई का महत्व बढ़ जाता है।"* इन पंक्तियों में पारंपरिक सिंचाई पद्धतियों के मुद्दों के बारे में उल्लेख किया गया है। साथ ही यह भी उल्लेख किया गया है कि कैसे सूक्ष्म-सिंचाई इसकी संभावनाओं में आशाजनक है। इसलिये यह इस परिच्छेद का मर्म है।

**विकल्प (b) सही नहीं है।** सामान्य तौर पर यह विकल्प सही होगा। लेकिन यह कथन परिच्छेद में दी गई जानकारी पर आधारित नहीं है। इन पंक्तियों पर ध्यान दीजिए *"जलवायु परिवर्तन का प्रभाव भारतीय कृषि में कहीं अधिक सुस्पष्ट रूप से दिखाई देता है, जहां लगभग 85% किसान लघु एवं सीमांत किसान हैं तथा 60% कृषि मानसून की अनिश्चितताओं पर निर्भर है।"* इन पंक्तियों के अनुसार जलवायु परिवर्तन का प्रभाव भारतीय कृषि पर सुस्पष्ट रूप से दिखाई देता है। परिच्छेद में कृषि की घटी हुई उत्पादकता का उल्लेख कहीं नहीं किया गया है। इसलिए यह परिच्छेद का मर्म नहीं है।

**विकल्प (c) सही नहीं है।** यह विकल्प परिच्छेद के दायरे से बाहर है क्योंकि इस परिच्छेद में दूसरी हरित क्रांति के विषय पर कोई चर्चा नहीं की गई है। *"हालांकि, 1960 के दशक में हरित क्रांति की शुरुआत के बाद से पारंपरिक प्रथाओं के माध्यम से की जाने वाली निरंतर सिंचाई ने भौमजल की गुणवत्ता एवं स्तर, जल का जमाव, मृदा की लवणता, मृदा स्वास्थ्य, फसल उत्पादकता, आंशिक कारक उत्पादकता और कृषि पद्धतियों की लागत संबंधी मितव्ययताओं पर अपने बहुआयामी दुष्प्रभाव दिखाने शुरू कर दिए हैं।"* इन पंक्तियों में हरित क्रांति के बारे में केवल सीमित जानकारी ही है। ये पंक्तियां हरित क्रांति (दूसरी हरित क्रांति नहीं) के शुरुआती चरण के बारे में बात करती हैं। इसलिए यह विकल्प परिच्छेद का मर्म नहीं है।

**विकल्प (d) सही नहीं है।** दिया गया विकल्प सूक्ष्म-सिंचाई में सरकार द्वारा निवेश के पहलू के बारे में उल्लेख करता है, लेकिन इस पहलू पर परिच्छेद में चर्चा नहीं की गई है। इसलिए, हम यह अनुमान नहीं लगा सकते हैं कि सूक्ष्म-सिंचाई के लिए वित्तपोषण की आवश्यकता है। निश्चित रूप से यह पारंपरिक पद्धतियों के मुद्दों के आधार पर महत्वपूर्ण है, लेकिन इससे वित्तपोषण के बारे में अनुमान लगाना उचित नहीं होगा। इसलिए, यह परिच्छेद के मर्म की अपेक्षा अधिक निहितार्थ है।

43 (b)

**विकल्प (a) सही नहीं है।** यह विकल्प विश्वसनीयता के मुद्दों के बारे में उल्लेख करता है जो इन पंक्तियों में रेखांकित किए गए हैं *"हालांकि, किसी व्यक्ति को दान करने के साथ-साथ धन जुटाते समय भी बहुत सावधान रहना चाहिए। विश्वसनीयता और मूल कारणों की ध्यानपूर्वक परख करनी चाहिए।"* हालांकि, हम यह नहीं मान सकते हैं कि ऐसे मुद्दों की पहचान करके, यह धन जुटाने वाला सबसे बेहतर तंत्र बन सकता है क्योंकि निष्कर्ष निकालने के लिए इसकी तुलना किसी अन्य तंत्र के साथ नहीं की जा रही है। इसलिए यह मूल विचार नहीं है।

**विकल्प (b) सही है।** इन पंक्तियों पर ध्यान दीजिए *"यह कहा जा सकता है कि इस परिघटना ने फंडिंग को सुलभ बना दिया है और नियंत्रणकर्ताओं को समाप्त कर दिया है। वर्तमान में, कोई भी व्यक्ति जिसके पास एक महान विचार है और उसे उस विचार को क्रियान्वित करने की क्षमता है, वह सफल होने के लिए आवश्यक धन जुटा सकता है।"* ये पंक्तियां दर्शाती हैं कि क्राउडफंडिंग ने फंडिंग को सुलभ बना दिया है जो किसी विचार के निष्पादन को सुगम बना सकता है और इसे सफल भी बना सकता है। इसलिए यह परिच्छेद का मूल विचार है।



VISION IAS WWW.UPSCMATERIAL.ONLINE WWW.PDFNOTES.CO

**विकल्प (c) सही नहीं है।** इन पंक्तियों पर ध्यान दीजिए *“हालांकि, किसी व्यक्ति को दान करने के साथ-साथ धन जुटाते समय भी बहुत सावधान रहना चाहिए। विश्वसनीयता और मूल कारणों की ध्यानपूर्वक परख करनी चाहिए। शक्तिशाली प्लेटफार्मों की उपलब्धता के साथ अब चीजें आसान और बेहतर हो गई हैं।”* ये पंक्तियां क्राउडफंडिंग में खामियों को उजागर करती हैं लेकिन यह कथन कि 'शक्तिशाली प्लेटफॉर्म की उपलब्धता से इन खामियों को दूर करने में मदद मिलेगी' सही नहीं है क्योंकि इस संदर्भ में परिच्छेद में कोई जानकारी प्रदान नहीं की गई है। यद्यपि विश्वसनीयता के मुद्दे विद्यमान हैं, लेकिन परिच्छेद में प्रदान की गई जानकारी के आधार पर यह निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता है कि कौन से प्लेटफॉर्म उनकी पहचान करने में सहयोग करेंगे। प्लेटफार्मों के बारे में एकमात्र जानकारी यह उपलब्ध है कि इसने फंडिंग को आसान बना दिया है।

**विकल्प (d) सही नहीं है।** सामान्य तौर पर यह कथन सही है लेकिन यह परिच्छेद में मुख्य चर्चा का विषय यह कथन नहीं है। ब्याज दरों और पारंपरिक धन उगाहने वाले तंत्र के बारे में कोई चर्चा नहीं की गई है। इसलिए यह सही मूल विचार नहीं है।

**44 (b)**

**निष्कर्ष 1 सही नहीं है।** यह कथन सही नहीं है क्योंकि परिच्छेद में यह उल्लेख नहीं किया गया है कि ओजोन परिवर्तन मुख्यत: क्षोभमंडल में परिलक्षित होता है। पंक्ति *"इसलिए ओजोन सांद्रता में होने वाले परिवर्तन से जलवायु प्रभाव भी ओजोन में हो रहे परिवर्तनों की ऊंचाई के साथ-साथ बदलता रहता है।"* यह दर्शाता है कि जलवायु प्रभाव ऊंचाई के साथ परिवर्तित होता है किंतु ऐसा मुख्यत: क्षोभमंडल में नहीं होता है। इसका तात्पर्य है कि दिया गया निष्कर्ष सही नहीं है।

**निष्कर्ष 2 सही है।** परिच्छेद में उल्लेख किया गया है *"वायुमंडलीय ओजोन पृथ्वी के तापमान संतुलन को दो तरीके से प्रभावित करती है"* और *"मानव-उत्पादित क्लोरीन और ब्रोमीन युक्त गैसों के कारण निचले समताप मंडल में जो प्रमुख ओजोन क्षति हुई है, उसका पृथ्वी की सतह पर शीतलन प्रभाव पड़ता है।"* ये पंक्तियां दिए गए कथन में प्रस्तुत निष्कर्ष की पुष्टि करती हैं- समताप मंडल और क्षोभमंडल में ओजोन क्षति पृथ्वी के तापमान संतुलन को प्रभावित करती है।

**45 (d)**

दिया गया खुला पासा:




यह स्पष्ट है कि,

z, x के ठीक विपरीत है।

v, 8 के ठीक विपरीत है।

u, e के ठीक विपरीत है।

इसलिए, खुले पासे का उपयोग करके (a) और (c) पासे नहीं बनाए जा सकते हैं, क्योंकि विपरीत जोड़े बनाने वाले अक्षर आसन्न सतहों पर दिखाई देते हैं।

**इसलिए विकल्प (d) सही उत्तर है।**



VISIONIAS
WWW.UPSCMATERIAL.ONLINE
WWW.PDFNOTES.CO

**46 (b)**

प्रश्न में दिया गया है कि एक बड़ा घन 125 छोटे घनों से मिलकर बना है।

चूंकि $125 = 5^3$, इसका तात्पर्य है कि बड़े घन की प्रत्येक सतह वास्तव में 5 छोटे घनों से मिलकर बनी है।

इसलिए आंतरिक घनों की आवश्यक संख्या = $(n - 2)^3 = (5 - 2)^3 = 3^3 = 27$.

**इसलिए विकल्प (d) सही उत्तर है।**

**47 (a)**

जैसा कि




इसी प्रकार




अतः, 'INDIAN' को '954915' के रूप में कूटबद्ध किया जाएगा।

**इसलिए विकल्प (a) सही उत्तर है।**

**48 (b)**

दी गई श्रृंखला:

A4C, D16H, I36O, P64X, ?

यहां निम्नलिखित पैटर्न अनुसरण किया जा रहा है:




दो वर्णों के बीच का अंक दोनों वर्णों के स्थानीय मानों के बीच के अंतर का वर्ग है।




ठीक उसी प्रकार,

D16H के लिए ,

D= 4

H= 8

VISION IAS
WWW.UPSCMATERIAL.ONLINE
WWW.PDFNOTES.CO

अतर = 8 – 4 = 4

अंक = $(4)^2$ = 16

I36O के लिए ,

I= 9

O= 15

अंतर = 15 – 9 = 6

अंक = $(6)^2$ = 36

P64X के लिए ,

P=16

X= 24

अंतर = 24 – 16 = 8

अंक = $(8)^2$ = 64

Y256I के लिए ,

Y=25

I=9

अंतर = 25 – 9 = 16

अपेक्षित संख्या = $(16)^2$ = 256

अतः, 'Y256I' अपेक्षित उत्तर है।

**इसलिए विकल्प (b) सही उत्तर है।**

**49 (a)**

दी गई श्रृंखला:

29, 131, 254, 419, 647, ?

श्रृंखला का पैटर्न इस प्रकार है:




? = 647 + (228 + 84) = 647 + 312 = 959

**इसलिए विकल्प (a) सही उत्तर है।**

**50 (b)**

प्रश्न में निम्नलिखित कूट का उल्लेख किया गया है:

(i) 'low nas hsi play' का अर्थ है 'she is bringing coffee'

(ii) 'wis sat low play' का अर्थ है 'he is bringing milk'

(iii) 'sat lim nas' का अर्थ है 'milk and coffee'


WWW.PDFNOTES.CO

"Milk" दूसरे और तीसरे कथन में समान्य शब्द है। इसलिए यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि "milk" को 'sat' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। इसी प्रकार, पहले और दूसरे कथन में हम देख सकते हैं कि 'is' और future' को या तो 'low' या 'play' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। इन कूटों को दूसरे कथन में रखने पर, हम यह निष्कर्ष निकाल सकते हैं कि 'he' का कूट 'wis' है।

**इसलिए विकल्प (b) सही उत्तर है।**

**51 (b)**

**विकल्प (a) सही नहीं है।** यह विकल्प परिच्छेद के दायरे से बाहर है, क्योंकि परिच्छेद में राज्य प्रायोजित हमलों के समाधान हेतु वैश्विक संगठनों की भूमिका के संदर्भ में कहीं भी चर्चा नहीं की गई है।

**विकल्प (b) सही है।** "*21वीं सदी के युद्ध दूसरों के डेटा पर अधिकार करने, उसमें हेरफेर करने या उसको नष्ट करने के लिए होंगे*" और "*साइबर असुरक्षा के कारण होने वाले विनाश, डाउनटाइम और प्रतिस्थापन लागत के चलते अरबों डॉलर की बर्बादी हो रही है*"। ये कथन दर्शाते हैं कि साइबर असुरक्षा के कारण निश्चित रूप से अरबों डॉलर का नुकसान हो सकता है। **इसलिए यह परिच्छेद का मूल विचार है।**

**विकल्प (c) सही नहीं है।** इंटरनेट का विनियमन और निगरानी परिच्छेद में चर्चा का हिस्सा नहीं हैं; इसलिए, यह विकल्प परिच्छेद में दी गई जानकारी पर आधारित नहीं है। अग्रलिखित पंक्तियां "*इंटरनेट व्यापक होता जा रहा है तथा दुनिया तेजी से आपस में जुड़ती जा रही है, ऐसे में साइबर हमले व्यापक प्रभाव उत्पन्न कर सकते हैं*", इंटरनेट की अपरिहार्य सर्वव्यापी प्रकृति को दर्शाती हैं जिसका अर्थ है कि इसे विनियमित करना और इनकी निगरानी करना आसान नहीं है।

**विकल्प (d) सही नहीं है।** इस परिच्छेद में साइबर असुरक्षा के संबंध में साझा वैश्विक समाधान के निर्माण हेतु राष्ट्रों के एकजुट होने के संदर्भ में कुछ भी उल्लेख नहीं किया गया है। इसलिए यह सही मूल विचार नहीं है।

**52 (a)**

**निष्कर्ष 1 सही है।** परिच्छेद में उल्लेख किया गया है कि "***बंधुत्व इसके विपरीत चरित्र की शक्ति है***", जिसका अर्थ है कि व्यक्तिवाद और बंधुत्व का एक साथ अनुपालन करना संभव नहीं है। इसलिए यह कथन निष्कर्ष के रूप में सही है।

**निष्कर्ष 2 सही नहीं है।** इस परिच्छेद में व्यक्तिवाद का उल्लेख सीमित रूप से किया गया है, जो व्यक्ति को स्वयं के लिए साध्य के रूप में मानता है - "... *व्यक्ति अपने **विशेष हितों के दबाव में ऐसे कार्य करता रहता है जैसे कि वह स्वयं के लिए साध्य हो** और इस तरह एक गैर-सामाजिक और यहां तक कि एक असामाजिक स्व का विकास होता है...*" किंतु बंधुत्व का लोगों के साथ कैसे संबंध है अर्थात्, साधन या स्वयं में साध्य के रूप में, इस बारे में कोई उल्लेख नहीं किया गया है। इसलिए, यह निष्कर्ष सही नहीं है।

**53 (d)**

CODE को XLWV लिखा गया है।

C↔X (विपरीत वर्ण युग्म)

O↔L (विपरीत वर्ण युग्म)

D↔W (विपरीत वर्ण युग्म)

E↔V (विपरीत वर्ण युग्म)

BUT को YFG लिखा गया है।

B↔Y (विपरीत वर्ण युग्म)

U↔F (विपरीत वर्ण युग्म)

T↔G (विपरीत वर्ण युग्म)

VISION IAS WWW.UPSCMATERIAL.ONLINE WWW.PDFNOTES.CO

इसी प्रकार,

M⟷N (विपरीत वर्ण युग्म)

A⟷Z (विपरीत वर्ण युग्म)

N⟷M (विपरीत वर्ण युग्म)

अतः, कूट भाषा में MAN को NZM के रूप में लिखा जाएगा।

**इसलिए विकल्प (d) सही है।**

**54 (c)**

दी गई श्रृंखला:

BD1F, DH5L, X, FG4R

आइए एक पद को लेते हैं और इसके पैटर्न को समझते हैं।




अभीष्ट संख्या होगी= [(2 × 4) – 6] /2 = 1

इसी पैटर्न का प्रयोग दूसरे पद में करने पर।




अभीष्ट संख्या होगी= [(8 × 4) – 12]/4 = 5

आइए प्रत्येक विकल्प को एक-एक करके देखते हैं।

विकल्प (a):




अभीष्ट संख्या होगी= [(6 × 12) – 18]/6 = 9 ≠ 3

विकल्प (b):




अभीष्ट संख्या होगी= [(5 × 4) – 20]/5 = 0 ≠ 2

विकल्प (c): JD2T




अभीष्ट संख्या होगी = [(10 × 4) – 20]/10 = 2

VISION IAS
WWW.UPSCMATERIAL.ONLINE
WWW.PDFNOTES.CO

विकल्प (d)




अभीष्ट संख्या होगी = [(3 × 12) – 19]/3 = 17/3 ≠ 4

**इसलिए विकल्प (c) सही है।**

**55 (b)**

बड़े घन की भुजा की लंबाई है = 3 मीटर = 300 सेंटीमीटर

छोटे घन की भुजा की लंबाई है = 3 सेंटीमीटर

अतः, n = बड़े घन की भुजा की लंबाई/छोटे घन की भुजा की लंबाई = 300/3 = 100

∴ बनाए जा सकने वाले घनों की संख्या होगी = $(n)^3$ = 100 × 100 × 100 = 1000000

राम कृष्ण द्वारा अर्जित किए गए कुल रुपये = 0.40 × 1000000 = 400000 = 4 लाख

**इसलिए विकल्प (b) सही है।**

**56 (d)**

आइए आकृति (ii) और (iii) को देखते हैं:




आकृति (iii) को $90^0$ दक्षिणावर्त घुमाने पर, D दोनों पासों में समान स्थिति में है। इस प्रकार, हम प्राप्त करते हैं:

A, F के विपरीत है, B, E के विपरीत है और D, C के विपरीत है।

आकृति II और III यह पता लगाने के लिए पर्याप्त हैं कि F और D के विपरीत कौन-सा फलक है।

आइए आकृति (i) और (iv) को देखते हैं:




यहाँ F और B समान फलक हैं। इस प्रकार पासों के दोनों असमान फलक अर्थात्, C और D एक दूसरे के विपरीत होंगे।

इस प्रकार, आकृति (i) और (iv) यह पता लगाने के लिए पर्याप्त हैं कि C के विपरीत कौन-सा फलक है।

इस प्रकार सभी कथन, S1, S2 और S3 सही हैं।

**इसलिए विकल्प (d) सही है।**

**प्रश्न 57 से 59 के लिए स्पष्टीकरण:**

प्रश्नानुसार,

आई.बी.एम को भोजन गुरुवार को डिलीवर किया जाता है। ताहिर बुधवार को भोजन डिलीवर करता है। एच.टी.सी को भोजन शुक्रवार को डिलीवर किया जाता है। रुद्र सोमवार को कार्य करता है।

VISION IAS
WWW.UPSCMATERIAL.ONLINE
WWW.PDFNOTES.CO

| | | |
|---|---|---|
| **दिन** | **कर्मचारी** | **कंपनी** |
| सोमवार | रुद्र | |
| मंगलवार | | |
| बुधवार | ताहिर | |
| गुरुवार | | आई.बी.एम |
| शुक्रवार | | एच.टी.सी |

विक्की एसर को भोजन डिलीवर नहीं करता है और वह मंगलवार को कार्य नहीं करता है। इसलिए, विक्की संभवतः गुरुवार या शुक्रवार को भोजन डिलीवर करता है। अत:, 2 संभावनाएं हो सकती हैं:

| **केस-1** | | |
|---|---|---|
| **दिन** | **कर्मचारी** | **कंपनी** |
| सोमवार | रुद्र | |
| मंगलवार | | |
| बुधवार | ताहिर | |
| गुरुवार | विक्की | आई.बी.एम |
| शुक्रवार | | एच.टी.सी |

| **केस-2** | | |
|---|---|---|
| **दिन** | **कर्मचारी** | **कंपनी** |
| सोमवार | रुद्र | |
| मंगलवार | | |
| बुधवार | ताहिर | |
| गुरुवार | | आई.बी.एम |
| शुक्रवार | विक्की | एच.टी.सी |

इस केस में, संजीव एचपी को भोजन डिलीवरी करता है लेकिन, वह सोमवार या शुक्रवार को कार्य नहीं करता है, अर्थात संजीव मंगलवार को कार्य करेगा। बाकी के दिनों में उपेंद्र भोजन डिलीवरी करेगा।

| **केस-1** | | |
|---|---|---|
| **दिन** | **कर्मचारी** | **कंपनी** |
| सोमवार | रुद्र | |
| मंगलवार | संजीव | एच.पी |
| बुधवार | ताहिर | |
| गुरुवार | विक्की | आई.बी.एम |
| शुक्रवार | उपेंद्र | एच.टी.सी |


VISION IAS WWW.UPSCMATERIAL.ONLINE WWW.PDFNOTES.CO

| केस-2 | | |
|---|---|---|
| दिन | कर्मचारी | कंपनी |
| सोमवार | रुद्र | |
| मंगलवार | संजीव | एच.पी |
| बुधवार | ताहिर | |
| गुरुवार | उपेंद्र | आई.बी.एम |
| शुक्रवार | विक्की | एच.टी.सी |

साथ ही, ताहिर एसर को भोजन डिलीवर नहीं करता है। इसलिए, रुद्र एसर को भोजन डिलीवर करेगा।

| केस-1 | | |
|---|---|---|
| दिन | कर्मचारी | कंपनी |
| सोमवार | रुद्र | एसर |
| मंगलवार | संजीव | एच.पी |
| बुधवार | ताहिर | एप्पल |
| गुरुवार | विक्की | आई.बी.एम |
| शुक्रवार | उपेंद्र | एच.टी.सी |

| केस-2 | | |
|---|---|---|
| दिन | कर्मचारी | कंपनी |
| सोमवार | रुद्र | एसर |
| मंगलवार | संजीव | एच.पी |
| बुधवार | ताहिर | एप्पल |
| गुरुवार | उपेंद्र | आई.बी.एम |
| शुक्रवार | विक्की | एच.टी.सी |

एच.टी.सी को भोजन शुक्रवार को डिलीवर किया जाता है लेकिन उपेंद्र द्वारा नहीं। इसलिए, केस -1 को हटाया जा सकता है।

इसलिए अंतिम व्यवस्था है:

| केस-2 | | |
|---|---|---|
| दिन | कर्मचारी | कंपनी |
| सोमवार | रुद्र | एसर |
| मंगलवार | संजीव | एच.पी |
| बुधवार | ताहिर | एप्पल |
| गुरुवार | उपेंद्र | आई.बी.एम |
| शुक्रवार | विक्की | एच.टी.सी |

VISION IAS WWW.UPSCMATERIAL.ONLINE WWW.PDFNOTES.CO

57 (d)

बुधवार को ताहिर ने एप्पल को भोजन डिलीवर किया। यह सही कथन है।

58 (d)

विक्की एच.टी.सी को भोजन डिलीवर करता है।

59 (b)

सोमवार को एसर को भोजन डिलीवर किया जाता है।

60 (a)

**निष्कर्ष 1 सही है।** दिया गया निष्कर्ष सही है क्योंकि *"उदाहरण के लिए, विश्व के खाद्य पदार्थों का कम-से-कम आधा भाग महिला कृषकों द्वारा उगाया जाता है तथा कुछ अफ्रीकी देशों में महिला कृषकों द्वारा उगाए जाने वाले खाद्य पदार्थों का भाग 80% तक है (FAO, 2000)।"* यह दर्शाता है कि विश्व की आबादी के लिए खाद्य पदार्थों की उपलब्धता में महिलाएं एक प्रमुख योगदानकर्ता के रूप में कार्य करती हैं। इसलिए यह कहना सही होगा कि महिलाएं विश्व जनसंख्या की संभरक हैं।

**निष्कर्ष 2 सही नहीं है।** दिया गया निष्कर्ष सही नहीं है क्योंकि यह कथन अफ्रीका और भारत की महिलाओं के बारे में है। हालांकि, परिच्छेद में भारतीय महिलाओं से संबंधित जानकारी शामिल नहीं है। परिच्छेद में केवल अफ्रीका की महिलाओं के मुद्दों को शामिल किया गया है। इसलिए समग्र रूप से यह निष्कर्ष सही नहीं है।

61 (d)

**निष्कर्ष 1 सही नहीं है।** परिच्छेद में स्पष्ट रूप से मृत्युदंड के उपयोग में गिरावट के बारे में उल्लेख किया गया है। इस पंक्ति पर ध्यान दीजिए *"मृत्युदंड के बारे में विचलित करने वाले असंख्य तथ्यों के कारण इसके उपयोग में तेजी से गिरावट आई है।"* हालांकि, लेखक द्वारा कहीं भी इसके उपयोग की संवैधानिकता पर चर्चा नहीं की गई है। इसलिए, यह कहना सही नहीं होगा कि *"आधुनिक समाजों में मृत्युदंड का स्थान नहीं होना चाहिए क्योंकि यह एक असंवैधानिक कृत्य है।"*

**निष्कर्ष 2 सही नहीं है।** परिच्छेद में उल्लेख किया गया है *"अंतत:, मृत्युदंड का भविष्य इस बात पर निर्भर करेगा कि उसे जनता का समर्थन मिल रहा है या नहीं।"* ये पंक्तियां दर्शाती हैं कि मृत्युदंड का निरंतर बने रहना जनता के समर्थन पर निर्भर करता है; लेकिन यह निष्कर्षित करना कि 'जनसमर्थन को कम करने के लिए जागरूकता आवश्यक है', सही नहीं होगा क्योंकि इस परिच्छेद में कहीं भी यह चर्चा नहीं की गयी है कि जनसमर्थन इसके उपयोग का सर्वाधिक महत्वपूर्ण निर्धारक है। यहां तक कि परिच्छेद की पहली पंक्ति में भी लेखक ने जनसमर्थन की बात करते हुए 'कभी-कभी' शब्दावली का प्रयोग किया है। इसलिए यह निष्कर्ष सही नहीं है।

62 (d)

**विकल्प (a) सही नहीं है।** यह विकल्प सही नहीं है क्योंकि परिच्छेद में यह पंक्ति दी गई है कि *"न्यायालय इन मानदंडों की जांच के लिए जनमत सर्वेक्षणों पर निर्भर रहने के लिए अनिच्छुक रहा है क्योंकि सर्वेक्षणों के परिणाम सर्वेक्षण करने वाली फर्म और पूछे गए प्रश्नों की विशिष्ट शब्दावली के आधार पर व्यापक रूप से भिन्न हो सकते हैं।"* यह पंक्ति दर्शाती है कि जनमत सर्वेक्षण विश्वसनीय नहीं हैं और इसे मृत्युदंड हेतु जनता के समर्थन के मूल्यांकन के लिए एक तंत्र नहीं होना चाहिए।


VISION IAS WWW.UPSCMATERIAL.ONLINE WWW.PDFNOTES.CO

**विकल्प (b) सही नहीं है।** परिच्छेद की मुख्य चर्चा यह नहीं है कि किस न्यायालय को मृत्युदंड देना चाहिए। इसलिए, कथन 'मृत्युदंड केवल शीर्ष न्यायालय द्वारा दिया जाना चाहिए ताकि न्याय की निष्फलता न हो' का अर्थ है कि निचली न्यायालयों में न्याय की निष्फलता होती है जो कि परिच्छेद में शामिल नहीं है, और न ही यह परिच्छेद का निर्णायक संदेश है।

**विकल्प (c) सही नहीं है।** परिच्छेद में यह पंक्ति दी गई है कि *"इसके बजाय, न्यायालय ने राज्य विधानमंडलों की कार्यवाईयों और जूरी, अभियोजकों और राज्यपालों के निर्णयों को जनता की इच्छा को प्रतिबिंबित करने वाले निर्णयों के रूप में देखा है।"* यह पंक्ति दर्शाती है कि मृत्युदंड देने के लिए न्यायालय ने जनता की इच्छा को समझने के लिए राज्य विधानमंडलों की कार्यवाईयों और राज्यपालों के निर्णय को संदर्भित किया है। किन्तु, दिया गया विकल्प विरोधाभासी दृष्टिकोण का उल्लेख करता है कि राज्य विधानमंडल और राज्यपालों द्वारा न्यायालय के निर्णय को प्रभावित नहीं करना चाहिए, जो सही नहीं है। इसलिए यह परिच्छेद का निर्णायक संदेश नहीं है।

**विकल्प (d) सही है।** यह विकल्प परिच्छेद के वास्तविक सार को अभिगृहीत करता है। इन पंक्तियों का संदर्भ लेने पर *"इसके बजाय, न्यायालय ने राज्य विधानमंडलों की कार्यवाईयों और जूरी, अभियोजकों और राज्यपालों के निर्णयों को जनता की इच्छा को प्रतिबिंबित करने वाले निर्णय के रूप में देखा है। मृत्युदंड के बारे में विचलित करने वाले असंख्य तथ्यों के कारण इसके उपयोग में तेजी से गिरावट आई है। अंतत:, मृत्युदंड का भविष्य इस बात पर निर्भर करेगा कि उसे जनता का समर्थन मिल रहा है या नहीं।"* इन पंक्तियों से पता चलता है कि मृत्युदंड के लिए जनता का समर्थन महत्वपूर्ण है और जनता की इच्छा को समझने का तंत्र राज्य विधानमंडल, राज्यपालों आदि जैसी संस्थाओं के माध्यम से होता है।

**63 (a)**

दी गई श्रृंखला है:

4, 12, 45, 215, 1305

यहां दिया गया पैटर्न इस प्रकार है:

4 → पहला पद

4 × 3 – 0 → 12

12 × 4 – 3 → 45

45 × 5 – 6 → 219 **≠ 215** (श्रृंखला में इसे 215 के रूप में दिया गया है)

219 × 6 – 9 → 1305

अत: 215 गलत पद है।

**इसलिए विकल्प (a) सही है।**

**64 (b)**

जैसा कि,




इसी प्रकार, इस अवधारणा को 'RESPONSE' में लागू करने पर हमें प्राप्त होता है।




**इसलिए विकल्प (b) सही है।**

VISION IAS
UPSCMATERIAL.ONLINE
WWW.PDFNOTES.CO

**65 (b)**

दी गई संख्या के लिए उपर्युक्त दो स्थितियों में से कोई भी लागू नहीं होती है। इसलिए '379150' के लिए कूट केवल प्रश्न में दिए गए चार्ट से प्राप्त किया जा सकता है।

379150 → ØEU⋆θZ

**इसलिए विकल्प (b) सही है।**

**66 (d)**

यहां, दूसरी स्थिति लागू होती है क्योंकि संख्या 1 से शुरू होती है और 0 पर समाप्त होती है। इसलिए, पहले और अंतिम अंकों को क्रमशः γ (गामा) और E के रूप में कूटबद्ध किया जाना है। शेष अंकों को प्रश्न में दिए गए चार्ट के अनुसार कूटबद्ध किया जाएगा।

147689020 → γMEcRUZXE

**67 (d)**

ऐसे घनों की संख्या जिनका कोई भी फलक रंगा हुआ नहीं है = $(n – 2)^3 = 64$

अथवा $n – 2 = 4$

अथवा $n = 6$

छोटे घनों की संख्या जिनका एक फलक पूरी तरह से रंगा हुआ है = $6(n – 2)^2 = 6 \times (6 – 2)^2 = 96$

**इसलिए विकल्प (d) सही है।**

**68 (b)**

दिया गया खुला पासा है:




खुले हुए पासे से यह स्पष्ट है कि

→ F, E के विपरीत है

→ D, B के विपरीत है

→ C, A के विपरीत है

इस प्रकार विकल्प (a), (c) और (d) संभव नहीं हैं, क्योंकि विपरीत युग्म बनाने वाली वर्णमाला आसन्न फलकों पर दिखाई देती है।

**इसलिए विकल्प (b) सही उत्तर है।**

**69 (b)**

आइए हम पासे 1 और 2 को लेते हैं, जहां F और B उभयनिष्ठ हैं। इस प्रकार, दोनों पासों के गैर-उभयनिष्ठ फलक, अर्थात् C और D, एक-दूसरे के विपरीत होने चाहिए।

अत: C, D के विपरीत है।

**इसलिए विकल्प (b) सही है।**

VISION IAS
WWW.UPSCMATERIAL.ONLINE
WWW.PDFNOTES.CO

**70 (c)**

सर्वप्रथम, हमें उसके द्वारा किए गए कटों की कुल संख्या ज्ञात करनी होगी।

यहां, $n^3 = 729$

अथवा $n = (729)^{1/3}$

अथवा $n = 9$

हम जानते हैं कि कटों की कुल संख्या = 8 + 8 + 7 = 23 (अंतिम कट के बाद, उसके विश्राम की गणना नहीं होगी)

विश्राम का कुल समय = 24 × 80 = 1840 सेकंड = **30.67 मिनट**

**इसलिए विकल्प (c) सही है।**

**71 (b)**

**निष्कर्ष 1 सही नहीं है।** दिया गया निष्कर्ष सही नहीं है, क्योंकि अग्रलिखित पंक्ति *"सामान्यतः, यदि आर्थिक संवृद्धि नहीं होती है तो निर्धनता को कम नहीं किया जा सकता है"* इसका अर्थ है कि सामान्यतः यह सह-संबंध सही है, लेकिन यह निष्कर्ष निकालना कि केवल आर्थिक संवृद्धि ही निर्धनता को समाप्त कर सकती है, यह सही नहीं होगा। अग्रलिखित पंक्ति *"साथ ही, आय (और संपत्ति) का प्रारंभिक वितरण, संवृद्धि की संभावनाओं को और व्यापक स्तर पर मौजूद निर्धनता के उन्मूलन को भी काफी प्रभावित कर सकता है"*, का अर्थ है कि संवृद्धि और खराब वितरण के साथ भी निर्धनता को समाप्त करना आसान नहीं है।

**निष्कर्ष 2 सही है।** परिच्छेद में उल्लेख किया गया है कि *"अनुभव के आधार पर यह कहा जा सकता है कि यदि देश बेहतर स्वास्थ्य और बेहतर शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रोत्साहन संरचना और पूरक निवेश करते हैं, तो उच्च आय का सृजन हो सकता है तथा वर्तमान उपभोग में वृद्धि और भविष्य की उच्च आय के माध्यम से निर्धन व्यक्तियों को दोगुना फायदा होगा"* इन पंक्तियों से पता चलता है कि स्वास्थ्य और शिक्षा में निवेश का निर्धन लोगों पर सीधा प्रभाव पड़ सकता है और वे भविष्य में उच्च आय प्राप्त कर सकते हैं जिससे निर्धनता में कमी आ सकती है। इसलिए यह निष्कर्ष सही है।

**72 (a)**

**पूर्वधारणा 1 सही नहीं है।** अग्रलिखित पंक्तियां "भारत स्मार्टफोन के लिए पूरी दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ने वाला बाजार है, जहां अकेले वर्ष 2016 की दूसरी तिमाही में 27 मिलियन यूनिट स्मार्टफोन शिप किए गए थे। हालांकि, **किसी मोबाइल फोन का जीवनकाल पश्चिम देशों की तुलना में भारत में अधिक है**, परंतु इलेक्ट्रॉनिक अपशिष्ट (ई-अपशिष्ट) में योगदान देने वाले "अप्रचलित" फोन की संख्या की कोई कल्पना भी कर सकता है।" हाइलाइट किए गए हिस्से से यह प्रतीत हो सकता है कि दी गई पूर्वधारणा सही है, लेकिन ऐसा इसलिए नहीं है क्योंकि केवल इस जानकारी के आधार पर हम यह निष्कर्ष नहीं निकाल सकते हैं कि भारत में मोबाइल के उच्च जीवन काल का कारण यह है कि भारतीय अपने फोन की अच्छी देखभाल करते हैं और पश्चिमी लोग नहीं करते हैं। इसलिए यह एक सही पूर्वधारणा नहीं है।

**पूर्वधारणा 2 सही है।** यह पूर्वधारणा सही है क्योंकि अग्रलिखित पंक्तियां *"उदाहरण के लिए, स्मार्टफोन निर्माता प्रत्येक वर्ष नई सुविधाओं वाला एक नया मॉडल जारी करते हैं और कई लोगों के लिए, पूरी तरह से ठीक काम कर रहे अपने स्मार्टफोन को नए मॉडल के साथ नहीं बदलना "आउट ऑफ फैशन" हो जाता है।"* प्रश्न में दिए गए विकल्प (स्मार्टफोन बदलना एक स्टाइल स्टेटमेंट बन गया है) के सार तत्व की पुष्टि करती हैं।

**पूर्वधारणा 3 सही नहीं है।** दिया गया कथन सही नहीं है, क्योंकि परिच्छेद में ई-अपशिष्ट नियमों पर चर्चा किए जाने का कोई संदर्भ नहीं है। निश्चित रूप से, ऐसे नियमों की आवश्यकता है लेकिन यह पूर्वधारणा परिच्छेद में दी गई जानकारी पर आधारित होनी चाहिए। यदि मौजूदा नियमों के साथ किसी भी मुद्दे का कोई उल्लेख नहीं है, तो यह मान लेना सही नहीं है कि दिया गया कथन सही है। इसलिए यह पूर्वधारणा सही नहीं है।



VISION IAS WWW.UPSCMATERIAL.ONLINE WWW.PDFNOTES.CO

73 (b)

**पूर्वधारणा 1 सही नहीं है।** ऐसा इसलिए क्योंकि हम यह नहीं मान सकते हैं कि सिविल सेवकों को यथास्थिति बनाए रखने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है। लेखक इस संदर्भ में कोई संकेत नहीं देता है। साथ ही, प्रशिक्षण और सिविल सेवकों के रवैये पर इसके प्रभाव के बारे में कोई चर्चा नहीं की गई है।

**पूर्वधारणा 2 सही नहीं है।** अग्रलिखित पंक्ति "*यह कहा जा सकता है कि समग्र रूप से सिविल सेवा ने अपनी यथास्थिति बनाए रखी है जबकि सामाजिक और आर्थिक परिदृश्य में व्यापक बदलाव हो चुके हैं।*", यह दर्शाती है कि सिविल सेवा अपने आप में (देश के बजाय) व्यापक परिवर्तन करने में सक्षम नहीं है। साथ ही इसे असफल कहना सही नहीं होगा। इसलिए यह पूर्वधारणा सही नहीं है।

**पूर्वधारणा 3 सही नहीं है।** दिया गया कथन काल्पनिक है और परिच्छेद के दायरे से बाहर है। इसलिए यह पूर्वधारणा सही नहीं है।

74 (a)

**पूर्वधारणा 1 सही है।** ऐसा इसलिए, क्योंकि "एक तरफ, यह पूरी दुनिया में विशिष्ट राष्ट्रीय संस्कृतियों को बढ़ावा देता है। दूसरी तरफ, लोकप्रिय अंतर्राष्ट्रीय सांस्कृतिक परिघटनाएं राष्ट्रीय संस्कृति को विस्थापित कर सकती हैं या उनका अंतर्राष्ट्रीयकरण कर सकती हैं।" ये पंक्तियां दर्शाती हैं कि सांस्कृतिक वैश्वीकरण का राष्ट्रीय संस्कृतियों पर सकारात्मक और नकारात्मक दोनों तरह का प्रभाव पड़ता है।

**पूर्वधारणा 2 सही नहीं है।** दिया गया विकल्प सही नहीं है क्योंकि कथन में कहा गया है कि सांस्कृतिक वैश्वीकरण के विविध प्रभाव हैं; लेकिन यह मान लेना कि आदान-प्रदान के माध्यमों पर नियंत्रण रखने की आवश्यकता है, तो यह सही नहीं होगा। माध्यम पर नियंत्रण रखने का अर्थ है कि ऐसे वैश्वीकरण का प्रभाव नकारात्मक है; इसलिए, नकारात्मक प्रभाव को नियंत्रित करने के लिए जांच-परख की आवश्यकता है। हालांकि, परिच्छेद व्यापार, उपभोक्ता संस्कृति, परंपराओं आदि पर सांस्कृतिक वैश्वीकरण के नकारात्मक प्रभाव का उल्लेख नहीं करता है। इसके अलावा, यह एक निहितार्थ हो सकता है लेकिन पूर्वधारणा नहीं।

75 (c)

आइए हम पहला और तीसरा पासा देखते हैं, जहां केवल 'ε' उभयनिष्ठ है। पहले पासे को $90^0$ दक्षिणावर्त घुमाने पर, हमें पहले पासे और तीसरे पासे में समान स्थिति पर 'ε' मिलता है। इस प्रकार,

→ ϕ, # के विपरीत है

→ ω, θ के विपरीत है

→ ε, Δ के विपरीत है

इस प्रकार, (∅ और #) और (ω और θ) एक-दूसरे के आसन्न नहीं हो सकते, क्योंकि वे एक-दूसरे सन्मुख हैं।

**इसलिए विकल्प (c) सही है।**



VISION IAS WWW.UPSCMATERIAL.ONLINE WWW.PDFNOTES.CO

76 (c)

दी गई प्रश्न आकृति को देखने पर, हम प्राप्त करते हैं:

→ 1 और 4 एक दूसरे के विपरीत हैं।

→ 2 और 5 एक दूसरे के विपरीत हैं।

→3 और 6 एक दूसरे के विपरीत हैं।

विकल्प (c) में आसन्न फलकों पर 1 और 4 दिखाए गए हैं। इस प्रकार, विकल्प (c) पासे की दी गई खुली हुई आकृति के समान **नहीं** है।

**इसलिए विकल्प (c) सही है।**

77 (c)

सभी पानी पीते है। दिए गए प्रश्न में पानी को नदी कहा गया है, इसलिए नदी को पिया जाएगा।

**इसलिए विकल्प (c) सही है।**

78 (a)

दी गई श्रृंखला:

IIS, OQC, UYM, ?

यहां अनुसरण किया गया पैटर्न है:




अतः प्रश्नवाचक चिह्न के स्थान पर AGW आएगा।

**इसलिए विकल्प (a) सही है।**

79 (d)

दी गई श्रृंखला:

AMK, DKJ, PFC, GJF

यहां अनुसरण किया गया पैटर्न है:




अतः, 'GJF' गलत पद है।

**इसलिए विकल्प (d) सही उत्तर है।**

VISION IAS
SCMATERIAL.ONLINE
WWW.PDFNOTES.CO

80 (d)

यह दिया गया है कि, रजनी मुकेश से धीमी गति से साइकिल चला रही है।

अतः, मुकेश > रजनी

आशीष और श्वेता, रजनी से धीमी साइकिल चला रहे हैं।

अतः, मुकेश > रजनी > श्वेता > आशीष या मुकेश > रजनी > आशीष > श्वेता

राजेश केवल दो व्यक्तियों की तुलना में धीमी गति से साइकिल चलाता है।

अतः, मुकेश > रजनी > राजेश > श्वेता > आशीष या मुकेश > रजनी > राजेश > आशीष > श्वेता

इसलिए या तो श्वेता अथवा आशीष दूसरी सबसे धीमी साइकिल चला रहे है।

**इसलिए विकल्प (d) सही उत्तर है।**

**Copyright © by Vision IAS**

*All rights are reserved. No part of this document may be reproduced, stored in a retrieval system or transmitted in any form or by any means, electronic, mechanical, photocopying, recording or otherwise, without prior permission of Vision IAS.*



VISION IAS
WWW.UPSCMATERIAL.ONLINE
WWW.PDFNOTES.CO